दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र

D Edition

Reg.No.RJ26D00120077

# भारत टाइम्स

www.bharattimenews.com

सत्यमेव परं श्रुतम्

Bharattimesnews01@gmail.com

वर्ष- 2 | अंक-301 | दिल्ली, मंगलवार 10 दिसम्बर 2024 | पेज-8 | ई-पेपर नई दिल्ली से प्रसारित

**विचार**

" सच्ची कविता समझे जाने से पहले ही संवाद कर सकती है "

टी.एस. इलियट...




पेज 2

# प्रदेश के नगरीय निकायों में गीता भवन बनाए जाएंगे- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मध्यप्रदेश, गीता जयंती पर गीता पाठ का बनाएगा विश्व रिकार्ड

- अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के आयोजन में मध्यप्रदेश सहभागी बनने को इच्छुक
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संत समाज को सिंहस्थ: 2028 के लिए किया आमंत्रित
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुरूक्षेत्र के अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में संत सम्मेलन को किया संबोधित




भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के नगरीय निकायों में अगले तीन साल में गीता भवन बन कर तैयार हो जाएंगे। राज्य सरकार द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। भगवान श्री कृष्ण के मुखारविंद से निकली श्रीमद्भगवद् गीता से कर्मवाद की शिक्षा प्राप्त होती है। केवल भारत ही नहीं सम्पूर्ण विश्व में लोग गीता की शिक्षाओं का अनुसरण कर रहे हैं। मध्यप्रदेश में श्री कृष्ण पाथेय का निर्माण किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत प्रदेश में विद्यमान भगवान श्रीकृष्ण से संबंधित सभी स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जाएगा। मध्यप्रदेश में गीता जी को पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 11 दिसम्बर को गीता जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश सरकार द्वारा भोपाल और उज्जैन में 5 हजार से अधिक भगवत भक्तों के माध्यम से गीता पाठ का विश्व रिकार्ड बनाया जाएगा। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के आयोजकों से गीता पाठ से वर्चुअली जुड़ने का आव्हान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अगले वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के आयोजन में मध्यदेश को सहभागी बनाने का आग्रह भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कुरूक्षेत्र (हरियाणा) में जारी अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत संत सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब

### गौ-शालाओं का अनुदान किया गया दोगुना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में जन्माष्टमी पर शैक्षणिक संस्थाओं में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से संबंधित विभिन्न प्रसंगों पर गतिविधियां संचालित की गईं। राज्य शासन द्वारा प्रदेश में जन्माष्टमी का आयोजन धूमधाम से किया गया। भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पूजा के माध्यम से प्रकृति की पूजा का विलक्षण मार्ग बताया है। इसे ग्रहण करते हुए मध्यप्रदेश में सर्वत्र गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। अपाहिज, बेसहारा, बीमार गायों की देखभाल के लिए निर्णय लिया गया कि प्रदेश में गौ-शालाओं का संचालन राज्य शासन द्वारा किया जाएगा। सामाजिक संगठनों द्वारा चलाई जाने वाली गौ-शालाओं के अनुदान को दोगुना किया गया है। इसे 20 रुपए के स्थान पर प्रति गाय 40 रुपए किया गया है। दुग्ध उत्पादन के लिए 10 से अधिक गाय पालने वालों को राज्य शासन की ओर से अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। इससे गौ-वंश के साथ-साथ प्रदेश की दुग्ध उत्पादन की क्षमता में वृद्धि होगी और घर-घर गोकुल विकसित करने में भी मदद मिलेगी। देश के दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश का 9 प्रतिशत का योगदान है, जिसे हम 20 प्रतिशत तक ले जाने के लिए संकल्पित हैं।

### वर्षा जल से प्रवहमान होगी क्षिप्रा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में वर्ष-2028 में होने वाले सिंहस्थ की तैयारी आरंभ कर दी गई है। उज्जैन में सिंहस्थ में लगने वाले अस्थाई कैंपों के स्थान पर आश्रम, अखाड़ों, महामंडलेश्वर आदि को स्थाई रूप से स्थान उपब्ध कराने के लिए विस्तारित योजना बनाई गई है। इससे हरिद्वार के समान पूरे साल सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने सभी संतों को सिंहस्थ में पधारने का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि क्षिप्रा नदी में जल का प्रवाह सीमित होने के कारण सिंहस्थ स्थान के लिए विशेष व्यवस्था करनी होती है, गत वर्षों में गंभीर बांध और नर्मदा नदी से जल लेकर यह व्यवस्था की गई। अब राज्य सरकार का प्रयास है कि वर्षा जल को संग्रहित कर क्षिप्रा नदी को निरंतर प्रवहमान बनाया जाए। इससे पूरे साल श्रद्धालु स्नान का पुण्य प्राप्त कर सकेंगे।

### भगवान श्रीकृष्ण ने शिक्षा के महत्व को स्थापित किय

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता के प्रकाश से विश्व प्रकाशमान हो रहा है। सभी ओर सनातन संस्कृति की ध्वजा लहरा रही है, और श्रीमद्भगवद् गीता की शिक्षाओं से सम्पूर्ण धरा लाभान्वित भी हो रही है। भगवान श्रीकृष्ण ने शिक्षा के महत्व को स्थापित किया। भगवान श्रीकृष्ण ने शिक्षा ग्रहण करने के लिए संदीपनि आश्रम पधार कर उज्जैन को गौरवान्वित किया साथ ही यह भी स्थापित किया कि व्यक्ति कितने महत्वपूर्ण पद पर हो, उसे शिक्षा ग्रहण करने के लिए अवश्यक प्रयास करना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिष्य की पहचान उसके गुरू से होती है, इस दृष्टि से श्रीमद्भगवद गीता, आचार्य संदीपनि की महानता और गुरूकुल पद्धति की पवित्रता और उसके उन्नत स्वरूप को प्रकट करती है। भीषण युद्ध के बीच भगवान श्रीकृष्ण के मुख से गीता के ज्ञान का होना भारत भूमि पर शिक्षा के गौरव और सांस्कृतिक समृद्धता को दशार्ता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जानकारी दी कि भगवान श्रीकृष्ण की समस्त लीलाओं से जन सामान्य को परिचित कराने की व्यवस्था संदीपनि आश्रम में की गई है। इसके साथ ही उज्जैन में कृष्णायन नाम से संग्रहालय विकसित किया गया है।

## न्यूज. ब्रीफ

### अज्ञात व्यक्ति की ट्रैन से कटकर मौत

भोपाल। खजूरी सड़क थाना इलाके में एक युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। पुलिस के अनुसार सूचना मिलने पर भौरी फाटक के पास पटरी से एक अधेड़ की लाश बरामद की गई है। मृतक के कपड़ो की तलाशी लेने पर ऐसा कोई सुराग नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान की जा सके। मृतक की उम्र करीब 50 साल बताई गई है। मर्ग कायम कर पुलिस ने शव को पीएम के लिये मचूरी में रखवा दिया है। फिलहाल उसकी पहचान जुटाने के लिये आसपास के थानों में भी घटना की जानकारी भेज दी गई हैं। अधेड़ की मौत हादसा है, या आत्महत्या इसका खुलासा जॉच के बाद ही हो सकेगा

### गुलमर्ग में बर्फबारी से पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद

जम्मू। जम्मू कश्मीर के गुलमर्ग में बर्फबारी होने से पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि पर्यटकों के बीच मशहूर गुलमर्ग में दोपहर में बर्फबारी हुई। आखिरी सूचना मिलने तक बर्फबारी जारी थी। उन्होंने बताया कि दो से तीन इंच बर्फ जमा हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि उत्तर कश्मीर के कुपवाड़ा और बारामूला जिलों सहित कई इलाकों में भी बर्फबारी दर्ज की गई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के लिए दक्षिण कश्मीर के कुछ हिस्सों में हल्की बर्फबारी का अनुमान जाहिर किया है। ट्रैवल एजेंट ने कहा, ह्यह्यहम इस वर्ष अच्छी मात्रा में बर्फबारी की उम्मीद कर रहे हैं ताकि पर्यटक आकर आनंद उठा सकें। पिछले वर्ष गुलमर्ग में बहुत कम बर्फबारी हुई थी, जिसके कारण पर्यटक घाटी से दूर रहे।

### मुंबई हवाई अड्डे पर लावारिस ड्रोन मिलने से मचा हड़कंप

मुंबई। मुंबई हवाई अड्डे पर लावारिस ड्रोन मिलने से हड़कंप मच गया। बताया गया है कि एयरपोर्ट के अंदर पुराने एयर इंडिया हैंगर के टैक्सीवे के पास ड्रोन मिला जिसके बाद वहां हड़कंप मच गया। उधर ड्रोन मिलते ही पुलिस ने तुरंत एयरपोर्ट और आसपास के रिहायशी इलाके की जांच की। लेकिन ड्रोन ऑपरेटर का को कोई सुराग पास के हाथ नहीं लग सका। फिलहाल ड्रोन को जब्त कर लिया गया है और जांच चल रही है। दरअसल हवाईअड्डा परिसर के भीतर किसी भी प्रकार के ड्रोन या रिमोट कंट्रोल विमान उड़ाना सख्त वर्जित है। अब इस बात की जाँच चल रही है कि वहां ड्रोन किसने और किस उद्देश्य से लाया ?

### आंध्र प्रदेश, ओडिशा और हरियाणा के लिए राज्यसभा दावेदारों की सूची जारी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को राज्यसभा उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी की। सूची में आंध्र प्रदेश, ओडिशा और हरियाणा के उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। भाजपा ने आंध्र प्रदेश से रयागा कृष्णैयाह, ओडिशा से सुजीत कुमार और हरियाणा से रेखा शर्मा को उतारा है। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा का कार्यकाल 6 अगस्त को समाप्त हो गया था। उनका कार्यकाल हमेशा विवादों से घिरा रहा और आरोप लगे कि उन्होंने महिलाओं के खिलाफ, खासकर भाजपा शासित राज्यों में होने वाले अत्याचारों को अनसुना किया।

## ममता के विधायक हुमायूं की हुंकार, मुर्शिदाबाद में बनाना चाहते हैं बाबरी मस्जिद



कोलकाता। तृणमूल विधायक हुमायूं कबीर ने कहा कि वे बंगाल की धरती पर बाबरी मस्जिद बनवाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वे दिसंबर 2025 तक मस्जिद ट्रस्ट बनाकर अगले कुछ सालों में मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद बनाना चाहते हैं। तृणमूल विधायक के मुताबिक, अयोध्या में बाबरी मस्जिद विध्वंस की घटना आज भी देश के मुस्लिम अल्पसंख्यकों की भावनाओं को आहत करती है। तृणमूल नेता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भले ही राम मंदिर बना हैं, लेकिन अयोध्या या कहीं और मस्जिद बनाने को लेकर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसलिए वे पहल करके बंगाल की धरती पर मस्जिद का निर्माण कराना चाहते हैं। हुमायूं ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जहां बाबरी मस्जिद थी, वहां 18 से 19 फीसदी अल्पसंख्यक रहते हैं। फिलहाल बंगाल में 35 फीसदी मुस्लिम रहते हैं।

## युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर दी जान, प्रेम-प्रसंग के चलते खुदकुशी की आशंका



भोपाल। शहर के गोविंदपुरा थाना इलाके में रहने वाले एक युवक ने सोमवार सुबह अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। थाना पुलिस ने बताया कि अन्ना नगर में रहने वाला 19 साल का रोहन मोरे भोपाल मेले में एक चाइनीज फूड के काउंटर पर काम करता था। सोमवार सुबह परिवार वालो ने उसका शरीर कमरे में फांसी के फंदे पर लटका देखा। बाद में सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि शुरूआती जॉच में फिलहाल मौके से ऐसा कोई सुराग नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या का कारण साफ हो सके। हालांकि परिवार वालो से शुरूआती पूछताछ के आधार पर अनुमान है की युवक ने प्रेम-प्रंसग के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया होगा। जॉच टीम ने मृतक का मोबाइल जप्त किया है, जिसकी जॉच की जा रही है, आगे की ही उसके परिजनो के बयान दर्ज किये जायेगें। पुलिस का कहना है कि जॉच पूरी होने पर ही आत्महत्या का कारण साफ हो सकेगा, जिसके आधार पर ही आगे की जॉच की दिशा तय की जायेगी।

## पीएम मोदी ने लांच की "बीमा सखी योजना, ग्रामीण महिलाओं को बनाएगी आत्मनिर्भर



*पानीपत। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को हरियाणा के पानीपत में "बीमा सखी योजना लांच की। यह योजना खासतौर पर ग्रामीण महिलाओं के लिए तैयार की गई है, ताकि उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके। "बीमा सखी योजना के तहत महिलाओं को भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के साथ बीमा एजेंट के रूप में काम करने का मौका मिलेगा। यह योजना तीन सालों तक महिलाओं को मासिक स्टाइपेंड और कमीशन-आधारित इंसेटिव देगी जिससे उन्हें आर्थिक आत्मनिर्भरता हासिल करने में मदद मिलेगी।*

### कौन होगा पात्र?

बीमा सखी योजना के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया काफी सरल है। महिलाओं की उम्र 18 से 70 साल के बीच होनी चाहिए और वे कम से कम 10वीं कक्षा पास की हो। हालांकि, एलआईसी एजेंटों या कर्मचारियों के रिश्तेदार, जैसे पति-पत्नी, बच्चे, माता-पिता, भाई-बहन या ससुराल वाले योजना के लिए आवेदन नहीं कर सकते। इसके अलावा, एलआईसी के पूर्व कर्मचारी या पूर्व एजेंट जो दोबारा नियुक्ति चाहते हैं, वे भी योजना के लिए पात्र नहीं है। योजना के तहत महिलाओं को तीन साल तक मासिक स्टाइपेंड मिलेगा। पहले साल 7,000 प्रति माह का स्टाइपेंड मिलेगा। दूसरे साल 6,000 प्रति माह का स्टाइपेंड मिलेगा, लेकिन इसके लिए शर्त है कि पहले साल पूरी की गई पॉलिसियों में से करीब 65 प्रतिशत पॉलिसियां दूसरे साल के हर माह के अंत तक सक्रिय बनी रहें। तीसरे साल 5,000 प्रति माह का स्टाइपेंड दिया जाएगा, लेकिन इसके लिए जरूरी है कि दूसरे साल पूरी की गई पॉलिसियों में से कम से कम 65 प्रतिशत पॉलिसियां तीसरे साल के हर महीने के अंत तक सक्रिय रहें। यानी हर साल का स्टाइपेंड पाने के लिए महिलाओं को अपनी पॉलिसियों को सक्रिय बनाए रखना होगा। ह्यबीमा सखी योजना के आवेदन प्रक्रिया के दौरान महिलाओं को कुछ जरूरी दस्तावेज जमा करना होगा। इसमें हाल ही की पासपोर्ट साइज फोटो, आयु प्रमाण, पता प्रमाण और 10वीं की मार्कशीट शामिल हैं। इच्छुक महिलाएं एलआईसी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं।

## सीरिया में जंग के 13 साल में जमीन पर गई इकोनॉमी, अब कैसे उभरेगी एक बड़ा सवाल

*नई दिल्ली। सीरिया में 50 सालों से चल आ रही असद सरकार का अंत हो गया है। सीरियाई विद्रोहियों को 50 साल पुरानी सत्ता का अंत करने में महज एक साल का समय लगा। विद्रोहियों ने राजधानी दमिश्क पर कब्जा किया। लेकिन 13 साल तक चली लड़ाई के चलते मुल्क की इकोनॉमी गर्त में चली गई है, अब इससे उभरने में कितना समय लगेगा, यह बड़ा सवाल है। यह महत्वपूर्ण पश्चिम एशियाई दुनिया में बहुत मायने रखता है। सीरिया में 2011 में युद्ध की शुरूआत हुई और इसके बाद से सीरिया की अर्थव्यवस्था का पतन होने लगा। राष्ट्रपति असद के शासन में यह मुल्क भ्रष्टाचार में डूबता गया और पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के कारण, सीरियाई अर्थव्यवस्था पर बोझ और बढ़ा। बशर अल असद के शासनकाल और गृहयुद्ध की शुरूआत से सीरिया की इकोनॉमी का तेजी से पतन हुआ। इसका अंदाजा मुल्क की जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय के आंकड़ों से लग सकता है। साल 2011 में सीरियी की जीडीपी की 67.5 बिलियन डॉलर थी, जो 10 साल बाद 2021 में महज 8.9 बिलियन डॉलर रह गई। किसी जमाने में सीरिया के लोगों की प्रति व्यक्ति आय 2971 डॉलर प्रति वर्ष रही, जो 2021 में घटकर 421 डॉलर प्रति वर्ष रह गई। साल 2011 से अब तक करीब 14 मिलियन (एक करोड़ 40 लाख) लोग सीरिया छोड़ने को मजबूर हुए, जबकि 70 लाख से ज्यादा लोग देश के अंदर डिस्प्लेस्ड हो गए। इस देश की 90 फीसदी आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करती है।*

## बीजेपी नेता कुलदीप बिश्नोई ने समाज के संरक्षक पद से इस्तीफा दिया



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी नेता कुलदीप बिश्नोई ने समाज के संरक्षक पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, इसका कारण अब तक साफ नहीं है। वह एक दशक से ज्यादा समय तक पद पर रहे थे। हरियाणा विधानसभा चुनाव में बिश्नोई परिवार ने गढ़ आदमपुर गंवा दिया था। हालांकि, भाजपा ने स्पष्ट बहुमत हासिल कर राज्य में सरकार बना ली थी। हिसार सांसद रह चुके कुलदीप अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे चुके हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है। भाजपा नेता ने लिखा, मैं सभी संतों और समाज के सभी वर्ग के लोगों का मुझपर भरोसा करने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। वह महासभा के पद पर 12 वर्षों तक रहे। उन्होंने पीठाधीश्वर स्वामी रामानंद और त्यागपत्र भेज दिया है। साथ ही उन्हें नया संरक्षक भी बना दिया गया है। उन्होंने 29 सदस्यीय एक समिति भी गठित की है, जो महासभा के चुनाव का काम देखेगी। खास बात है कि पिता और पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल के निधन के बाद कुलदीप को महासभा का संरक्षक बनाया गया था।

## भीषण सड़क हादसे में 5 विद्यार्थियों समेत 7 लोगों की मौत

जूनागढ़। जिले के मालिया हाटिना में आज सुबह भीषण सड़क हादसे में 5 विद्यार्थियों समेत 7 लोगों की मौत हो गईं दो कारों के बीच हुई टक्कर के बाद एक कार में लगी गैस की बोतल फटने से निकट की झुग्गी में आग लग गईं हादसे की खबर मिलते ही पुलिस समेत दमकल की टीम मौके पर पहुंच गई और आगे की कार्यवाही शुरू की हादसे के बारे में प्राप्त जानकारी के मुताबिक आज सुबह आठ बजे जूनागढ़-वेरावल हाईवे पर मालिया हाटिना के भंडूरी गांव के दो कारों के बीच भीषण टक्कर हो गई। यह घटना उस समय हुई जब एक कार पुल की ओर जा रही थी और दूसरी आ रही थी उस वक्त एक कार किसी कारणवश डिवाडइर कूदकर पुल की ओर से आ रही कार के साथ टकरा गईं टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों कारें पलट गईं। जब दो कारों की टक्कर हुई तो एक कार में लगी गैस की बोतल फट गई और पड़ोस की झोपडी में भी आग लग गईं इस हादसे में 5 विद्याराथियों समेत 7 लोगों की मौत हो गईं मृतकों में राजु कानजीभाई खूटण, विनु देवशीभाई वाळा, विक्रम कुवाडिया, वजु करशनभाई राठौड, धरम विजयभाई धरादेव, अक्षत समीरभाई दवे और ओम रजनीकांत मुगरा शामिल हैं बताया जाता है कि मृतकों में 5 विद्यार्थी भी हैं जो परीक्षा देने जा रहे थे लेकिन रास्ते में वे हादसे का शिकार हो गऐ सुबह-सुबह हाईवे पर दो कारों की टक्कर हो गई तो आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और बचाव कार्य के साथ ही पुलिस और 108 को सूचना दी।

## मॉ के गले पर ब्लेड से वार करने वाला बेटा गया जेल

### मॉ के बिना बताये आने-जाने पर करता था ऐतराज

- वहीं गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती महिला की हालत में लगातार सुधार होने से उसकी हालत पूरी तरह खतरे से बाहर बताई गई है।



भोपाल। राजधानी के अरेरा हिल्स थाना इलाके में अपनी मां के गले पर ब्लेड से जानलेवा हमला करने वाले बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती महिला की हालत में लगातार सुधार होने से उसकी हालत पूरी तरह खतरे से बाहर बताई गई है। आरोपी बेटा मां के बिना बताए कहीं भी आने-जाने से नाराज रहता था। इसी बात को लेकर उसने गुस्से में ब्लेड से गले पर वार किया था। आरोपी बेटे के खिलाफ हत्या का प्रयास का प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक भीम नगर अरेरा हिल्स में परिवार सहित रहने वाला दीपक काले (33) पुताई का काम करता है। उसने बताया कि बीती 6 दिसंबर की सुबह वह मिसरोद क्षेत्र में अपने काम पर चला गया था। उसी दिन राहुल नगर में रहने वाले उसके मामा के बेटे शिवम की शादी का कार्यक्रम था। रिश्तेदारी में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिये दीपक की मां शांता बाई, पिता प्रकाश काले, छोटा भाई बाबू उर्फ दशरथ (29) और पत्नी संगीता तथा बच्चे राहुल नगर गए हुए थे। रात करीब साढ़े 8 बजे छोटे भाई दशरथ की दीपक से फोन पर बातचीत हुई तब उसने बताया कि मां राहुल नगर में मामा के घर पर नहीं हैं। दीपक ने अपने पड़ोसी मनोहर को फोन लगाकर मॉ के बारे में पूछा तो उसने बताया कि उसकी मां घर के सामने बैठी हैं। बाद में दीपक मिसरोद से काम के बाद मामा के घर गया और वहॉ से पत्नी संगीता और बच्चों को लेकर साथ रात करीब 10 बजे अपने घर भीम नगर लौट आया। घर आकर देखा तो उसकी मां शांता घर के किचिन वाले कमरे में जमीन पर खून से लथपथ हालत में पड़ी हैं। उसके गले पर किसी धारदार चीज से कटे हुए का घाव था, जिसमें से लगातार खून बह रहा था। वहीं मां के पास छोटा भाई दशरथ भी बैठा था। उसके हाथ व कपड़ों पर भी खून लगा देख उसने दशरथ से पूछताछ की। दशरथ ने उससे कहा कि मॉ आये दिन घर पर बिना बताए हर कहीं चली जाती है। आज भी मामा के घर शादी के कार्यक्रम से बिना बताए घर आ गई थीं। वह मॉ की इस तरह की हरकतो से बहुत परेशान हो गया है, इसी बात को लेकर उसका मॉ से विवाद हुआ था, और उसने गुस्से में आकर उसे ब्लेड से मारा है। दीपक ने फौरन ही मां को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने आरोपी दशरथ को घर से गिरफ्तार कर लिया था।



# जिलेभर में आयोजित होंगे मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर

## सीएमएचओ ने स्वास्थ्य भवन में ली तैयारीयों को लेकर जिला स्तरीय बैठक

♦भारत टाइम्स♦




**राजसमंद विद्याधर वैष्णव।** राज्य सरकार के कार्यकाल की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर प्रदेश भर में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरो का आयोजन किया जायेगा। जिले में भी 15 दिसम्बर से 31 जनवरी तक सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर शिविरो का आयोजन किया जायेगा। इसके लिये राज्य स्तर द्वारा दिये गये दिशा निदेशी के अनुसार सभी चिकित्सा अधिकारी तैयारी सुनिश्चित करें। यह निर्देश सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने जिले में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरो को लेकर स्वास्थ्य भवन में आयोजित बैठक में दिये।उन्होंने बताया कि शिविरो में एलोपैथी के साथ ही आयुष पद्धति के माध्यम से भी रोगो का निदान एवं उपचार किया जायेगा। आवश्यकतानुसार अतिविशिष्ट विशेषज्ञ चिकित्सको एवं विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा टेलीकंसल्टेशन के माध्यम से भी नागरिको को लाभान्वित किया जाएगा। शिविरो में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, बच्चो का टीकाकरण, असंक्रामक रोग डायबिटिज, हाइपरटेंशन, कॉमन कैंसर एव अंधता रोगीयों की स्क्रीनिंग की जायेगी। आवश्यकता होने पर एम्बूलेंस के माध्यम से उच्च चिकित्सा संस्थान पर ले जाकर भी उपचारित किया जाएगा। सभी शिविरो में जांच की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध होगी। गुणवत्तापूर्ण एवं समग्र उपचार की दृष्टि से पंचायत समिति मुख्यालयों पर फोलोअप एवं जिला स्तर पर रेफरल शिविरो का आयोजन किया जायेगा, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा उपचार किया जायेगा। पंचायत समिति मुख्यालयो पर फोलोअप एवं जिला स्तर के रेफरल शिविरो में मेडिकल बोर्ड के माध्यम से जांच करवाकर दिव्यांगजन को यूडीआईडी प्रमाण पत्र जारी किए जायेंगे।उन्होंने बताया कि शिविरो के सफलतापूर्वक संचालन में चिकित्सा शिक्षा विभाग, आयुर्वेद विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याया एवं अधिकारिता विभाग, पंचायती राज विभाग, सूचना एवं प्रोद्योगिकी विभाग की महत्वपूर्ण भुमिका होगी। बैठक में विभागीय अधिकारीयों को उनकी भुमिका एव अपेक्षाओं के बारें में जानकारी दी गई।बैठक में शिविर आयोजन के स्थान चयन, शिविर पूर्व की जाने वाली कार्यवाही, शिविर में दी जाने वाली सेवाओं के बारें में जानकारी देते हुए आवश्यक उपकरणो एवं दवाईयो एवं जांच व्यवस्थाओं के बारें में बताया गया तथा किसी भी समस्या के लिये जिला स्तर पर संपर्क करने के लिये निर्देशित किया गया। शिविर के लिये राज्य स्तर से निर्धारित दायित्वो के बारें में खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा अधिकारीयों को अवगत करवाया गया तथा शिविर स्थल पर उस सैक्टर के विभागीय कार्मिको की उपस्थिती सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया गया। बैठक में अधिक अधिक लोगो को शिविरो के माध्यम से लाभान्वित करने के लिये निर्देशित किया गया।

## दुल्हन के घर पहुंचने से पहले ट्रोला की टक्कर से नाले में गिरी कार दुल्हे को आई चोट, हादसे में 6 घायल एक की मौत

♦भारत टाइम्स♦

**फिरोज खान सिरोही।** ब्यावर पिंडवाड़ा फोरलेन स्थित पालड़ी एम थाना क्षेत्र में रिलायंस पेट्रोल पंप के पास सुबह सवा छ बजे हुआ।सड़क हादसे में दुल्हे के ममेरे भाई की मौत हो गई। हादसे में दुल्हा सहित पांच लोग घायल हो गए। दुल्हे की कार को ट्रोला टक्कर मारने के बाद घटनास्थल से फरार हो गया। हादसे में कार करीब 15 फिट गहरे नाले में गिर गई । थाना अधिकारी भाटी ने बताया की आकराभट्टा आबुरोड से बारात रानी पाली के लिए सुबह पांच बजे रवाना हुई। सुबह सवा छ बजे बारात रिलायंस पेट्रोल पंप से आगे बढ़ते ही उसकी कार को पीछे चल रहा ट्रोला अचानक तेज रफ्तार से टक्कर मारकर घटनास्थल से फरार हो गया। हादसे में कार करीब 15 फिट गहरे गड्ढे में गिरी। जैसे ही कार नीचे गिरी उसके दरवाजे जाम हो गए पास में मकान में रहने वाले लोगों ने गाड़ी में सवार दुल्हे सहित सभी को कार से बाहर निकाला और इनके साथियों को सुचना दी। सूचना मिलते ही दूसरे बारात वाले भी लौट कर आए और सभी घायलों को इलाज के लिए सिरोही सरकारी अस्पताल की ट्रामा सेंटर पहुंचाया। हादसे में दुल्हे के ममेरे भाई अनंत (10) पुत्र मुकेश बंजारा की मौत हो गई। कार में



सवार दुल्हा आकाश बंजारा के साथ मुकेश, आंचल,वर्षा, सचिन, और चेतन गंभीर घायल हो गए। हादसे में गंभीर रूप से घायल मुकेश, सचिन, और चेतन की हालत गंभीर होने से हायर सेंटर रेफर कर दिया, जबकि वर्षा और आंचल का इलाज सिरोही अस्पताल में जारी है। **दुल्हे सहित छह लोगों को भेजा दुल्हन के घर-** सड़क हादसे में दुल्हे के भाई के मौत के बाद गमगीन माहौल में दुल्हा आकाश बंजारा की बारात के साथ उसके परिवार के 6 लोग शादी के लिए रानी जिला पाली रवाना हुए, जबकि बस में सवार सभी बाराती वापस घर लौट गए

## रेवदर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष का स्वागत संगठन विस्तार और मजबूती को लेकर हुआ मंथन



♦भारत टाइम्स♦

**फिरोज खान सिरोही।** रेवदर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नाम नवनियुक्त कांग्रेस अध्यक्ष ठाकुर कृष्णवीर सिंह रोहुआ की घोषणा होने के बाद लगातार बधाइयां व शुभकामनाएं देने का सिलसिला जारी है। ब्लांक अध्यक्ष के निवास स्थान पर लगातार कांग्रेस पार्टी से जुड़े पदाधिकारी व कार्यकर्ता पहुंच कर बंधाई दे रहे हैं और संगठन से जुड़े हुए विचार विमर्श हुआ संगठन विस्तार को लेकर भी मंथन किया गया । मंडार उपखंड क्षेत्र, रेवदर उपखंड क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी सोमवार को पहुंचे माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। पुर्व ब्लांक अध्यक्ष लाखाराम चौधरी, युवा नेता हिमपाल सिंह देवल, ओमजी पालीवाल, फिरोज सोरडा, ललित भाट, शकुर भाटी, करसनभाई, मानाराम चौधरी, प्रकाश चौधरी, भैराराम चौधरी, मेहन्द्र कुमार, ओखाराम चौधरी, प्रकाश चौधरी, पुनम चंद पुरोहित, शैलेंद्र सिंह भाटी , राजाराम चौधरी धनपुरा,रावता राम समेत कई कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारीयों ने मुलाकात की।

## समझाइश और चालान की कार्रवाई के साथ नगर निगम दे रहा है स्वच्छता का संदेश

♦भारत टाइम्स♦

**अलवर /राजेश गुप्ता।** नगर निगम की टीम ने सोमवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए गंदगी फैलाने वाले कई दुकानदारों का चालान काटा। इस दौरान एनईबी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए पांच दुकानदारों से 1000 का चालान वसूला गया। साथ ही दुकानदारों को नियमित रूप से साफ सफाई रखने और गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डालने के लिए समझाइश की गई। इससे पहले पिछले सप्ताह नगर निगम की टीम ने कार्रवाई करते हुए अनेक स्थानों से चालान के रूप में 22800 रुपए की राशि वसूल की गई। नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि शहर में विभिन्न स्थानों पर चालान की कार्रवाई के साथ-साथ




दुकानदारों और आमजन को समझाया भी जा रहा है कि पर्याप्त मात्रा में डस्टबिन का उपयोग करें और गीले सूखे कचरे को नगर निगम के ऑटो टिपर में अलग अलग कर डालें। साथ ही आयुक्त नरूका ने कहा कि पॉलिथीन पर्यावरण के लिए बेहद खतरनाक है इसलिए पर्यावरण के महत्व को समझते हुए आमजन पॉलिथीन का उपयोग नहीं करें और इसके स्थान पर कपड़े अथवा जूट से बने थैलों का उपयोग करें ताकि पर्यावरण सुरक्षित रह सके।

# रामगढ़ में ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव का हुआ आयोजन

## छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रस्तुति दी ,मुख्य अतिथि विधायक सुखवंत सिंह रहे

♦भारत टाइम्स♦

**मुकेश शर्मा /गोविन्दगढ़ /अलवर।** गोविन्द गढ़ रामगढ़, कस्बे के बहादुरपुर रोड स्थित महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन शुभारंभ किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह रहे। उन्होंने सरस्वती माता की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की ।कार्यक्रम की अध्यक्षता रामगढ़ एसडीएम सुरेंद्र प्रसाद के द्वारा की गई । युवा महोत्सव कार्यक्रम में भाग लेने के लिए



643 छात्र-छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराया जिनके द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया गया । छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजस्थानी लोकगीत पर अपनी प्रस्तुति दी । विधायक सुखवंत सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान सरकार ने युवा महोत्सव चलाकर ग्रामीण विद्यालय के छात्र-छात्राओं को सांस्कृतिक कार्यक्रम से जोड़ने का कार्य किया है । बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लेना चाहिए । और बच्चों को जीवन में अपना लक्ष्य तय करना आवश्यक है कि उन्हें कौन सी दिशा में जाना है । लक्ष्य तय करने के बाद ही बच्चे अपनी लक्ष्य की ऊंचाई पर पहुंच पाएंगे । विधायक ने कहा कि हमारे यहां एजुकेशन में काफी दिक्कतें हैं जिनमें सुधार की आवश्यकता है । अभी लोकसभा में नई शिक्षा नीति लागू हुई है उसमें नया पैटर्न आपको कुछ समय में देखने को मिलेगा ।इस मौके पर प्रधान नसरू खान, उप प्रधान अतर सैनी, मण्डल अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ,ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सीताराम शर्मा,तहसीलदार अंकित गोयल,अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्र गांधी, प्रधानाचार्य जसवंत सिंह,जिला पार्षद गगनदीप सिंह,गोविंद सैनी,बाबूलाल जांगिड़ तमाम अधिकारी व भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## ओह तो ऐसे होती है जलदाय विभाग की किसी-किसी पर मेहरबानी



♦भारत टाइम्स♦

**अलवर/ राजेश गुप्ता।** शहर में कही तो पानी का संकट इतना खराब है कि लोग पानी के लिए जाम तक लगाने चल देते हैं ओर दूसरी तरफ जलदाय विभाग की किसी पर ऐसी मेहरबानी हो जाती है कि किसी को पानी मिले या नहीं लेकिन चहेते को तो पानी मिलता ही है ओर वो भी भरपूर पानी। जी हां यह मामला नयाबास चौराहे समीप ही देखने में आया कि वहां एक बोरिंग जलदाय विभाग की तरफ से कराई गई ओर दूसरी तरफ पानी की पाइप लाइन एक पानी की टंकी में तो दूसरी किसी चहेते के घर में फिट करा दी गई। अब देखने वालों को तो परेशानी होनी ही है कि कोई तो पानी को तरसे ओर कोई घर बैठे पानी की मौजा ही मौजा ले। अब इस संबंध में जब जलदाय विभाग को शिकायत की तो विभाग तो वैसे ही आश्वासन देने में माहिर है। आरोप लगाया गया कि नयाबास के समीप की गई बोरिंग से दो पाइप लाइन कैसे डाली गई ओर किसके यहां डाली तो विभागीय अधिकारी सकते में तो आए लेकिन चहेता भी दबंग। अब ऐसे में शिकायत पर हटाने का आश्वासन दिया गया लेकिन आश्वासन बस आश्वासन तक ही रह गया। खुले में देखते हुए भी विभाग चुप्पी साधे है तो कुछ तो दाल में काला है जो यह सब हो गया। अब देखना ये है कि आगे विभाग क्या कार्रवाई करता है। इस संबंध में लोगों ने बताया ओर जलदाय विभाग को चेताया है कि या तो तुरंत सात दिन में यहां से किसी के भी घर में जोडी गई पानी की पाइप लाइन को हटाया या काट दिया जाए अन्यथा कलक्टर ओर न्यायालय की शरण ली जाएगी जहां जलदाय विभाग के अधिकारी स्वयं अपने आप जवाब देंगे या कार्रवाई कर पाइप लाइन को हटाएंगे।

## विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु समुदाय सहायता शिविर आज से

♦भारत टाइम्स♦

**बोरुंदा/ सोहनलाल वैष्णव।** विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु समुदाय के लिए सहायता शिविर का आयोजन मंगलवार से शुरू होग। इन समुदायों के लोगों को राहत व सहायता देने का शिविर मंगलवार को खवासपुरा, चौकड़ी कला, सियारा में, बुधवार को कोसाना, मालावास व नानण में गुरुवार को मादलिया, सोवनिया, बोरुंदा शुक्रवार को चिरढाणी, खारिया आनावास व रावनियाना में किया जाएगा। इस शिविर में आवश्यक दस्तावेज के तहत वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र मूल निवास व राशन कार्ड आदि बनाने और अन्य सरकारी सुविधाओं को उपलब्ध करवाने का कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर झुग्गी झोपड़िया में रहने वाले इन समुदायों के लिए त्वचा संबंधी रोग, कुपोषण जैसी बीमारियां व स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिए मेडिकल किट और आवश्यक दवाइयां भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पीपाड़ खंड के घुमंतू प्रमुख नंदकिशोर टाक बोरुंदा ने बताया कि शिविर में उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सभी सरकारी कर्मचारी सहयोग करेंगे व साथ बैठते हुए जलपान की व्यवस्था भी स्थानीय ग्राम पंचायत द्वारा की जाएगी।

## बेहतर कार्य करने वाले होमगार्ड सम्मानित

♦भारत टाइम्स♦

**बोरुंदा/सोहनलाल वैष्णव।** होमगार्ड के 62 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष पर कार्यालय कमांडेंट होमगार्ड ट्रेनिंग सेंटर जोधपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में होमगार्ड अधिकारी वीरेंद्र सिंह राठौड़ ने उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उपकेंद्र पीपाड़ शहर के अवैतनिक हवलदार मनोहर दास बोरुंदा तथा होमगार्ड सदस्य नारायण दान व रविंद्र सिंह को उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्य के उपलक्ष में प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान होमगार्ड सदस्य चंद्रप्रकाश शर्मा, हेमाराम, रामअवतार, श्यामलाल, शंकरराम व किशनसिंह



सहित अन्य होमगार्ड के जवानों ने सम्मानित होने वालों को बधाई देते हुए खुशी जताई।

**आवश्यकता**

भारत टाइम्स न्यूज को रिपोर्ट्स और अनुभवी मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव की आवश्यकता है। यदि आप हमसे जुड़ना चाहते है तो अपना बॉयोडाटा हमे ईमेल करे।

Bharattimesnews01@gmail.com

Whatsapp
9509745147
9799911545

# राव तुलाराम जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित पुलिस बैंड रहा आकर्षण

♦भारत टाइम्स♦

**अलवर/ राजेश गुप्ता।** सोमवार को प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक राव तुलाराम जयन्ती के अवसर पर अलवर स्थित तुलाराम सर्किल पर यादव सभा अलवर शहर द्वारा जयंती समारोह आयोजित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पुलिस बैंड विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। सभा अध्यक्ष मा.सतपाल यादव व उपाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव ने बताया की पुष्पांजलि सभा के पश्चात संगोष्ठी में वक्ताओं ने आजादी की जनजागरण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर वक्ताओं ने जयंती के अवसर पर राज्य सरकार से राजकीय अवकाश की भी मांग रखी । महामंत्री नरेन्द्र यादव ने बताया कि इस अवसर विभिन्न समाजों के अध्यक्ष एंव प्रतिनिधियों ने भी शिरकत की। इस अवसर पर बीजेपी अध्यक्ष अशोक गुप्ता, कॉग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा , अजीत यादव,रिपुदमन




गुप्ता,अग्रवाल समाज से अमित गोयल, व्यापार मण्डल अध्यक्ष रमेश जुनेजा, राजपूत समाज से सूरजभान सिंह ,समाजसेवी फतेसिंह दादा,मधु यादव,कमला यादव, सुमन यादव,ऑल इंडिया यादव सभा से एस आर यादव,पूर्व अध्यक्ष सुबेसिंह यादव, पार्षद सतीश यादव, हेतराम यादव,बलराम यादव, रणजीत यादव ,बेनीप्रसाद यादव ,समाजसेवी राव धर्मपाल यादव, बनवारीलाल ,शिवचरण यादव, राव योगेश,डॉ मदन यादव, किशनलाल खैरलिया, विजय यादव, श्यामलाल यादव, नवीन यादव, रामगढ़ अध्यक्ष शमसेर ,शिंभूदयाल यादव, सेडूराम सरपंच,प्रभु थानेदार, दीपक यादव, डॉ राहुल, जितेंद्र हिंदुस्तानी,नवल यादव, प्रवीण यादव, लोकेश यादव, अशोक यादव, अजित यादव,अभिषेक यादव सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# रेगर समाज 44 खेड़ा जैतारण पट्टी बर के चुनाव संपन्न

## अध्यक्ष पद पर ढगलाराम तंवर एवं उपाध्यक्ष हिम्मताराम फुलवारी बने

♦भारत टाइम्स♦

**बगड़ी नगर - महेंद्र सिंह।** ग्राम पंचायत बर में रेगर समाज भवन परिसर में रैगर समाज 44 खेड़ा जैतारण पट्टी के कार्यकारणी का चुनाव बर में हुआ । चुनाव मुख्य संरक्षक एवं सलाहकार रामेश्वरलाल चौहान देवलीकलां एवं लूणाराम तंवर रास के निर्देशन में समस्त टीम के अथक प्रयास से हुए । सुत्र के अनुसा अध्यक्ष पद के लिए ढगलाराम तंवर को 881 मत मिले, प्रतिद्वंदी प्रत्याशी नेमीचंद नवल को 511 मत मिले । तंवर ने 370 वोट के अंतर से जीत दर्ज कि



जिसमें 65 मत खारिज भी रहे । हिमताराम फुलवारी उपाध्यक्ष पद पर 918 मत, नाथूराम आसरलाई को 448 मत मिले, खारिज मत 91, फूलवारी 470 वोट से जीते, उम्मेदचंद रायपुर सचिव पद पर 900 मत मिले, आत्मप्रकाश चौहान को 469 मत मिले, खारिज मत 88 हूए, सचिव 431 वोट अंतर से जीते, मोहनलाल जाटोलिया कोषाध्यक्ष पद को 901 मत मिले, महेंद्र तंवर 476 मत मिले, खारिज मत 80 रहे जाटोलिया 425 वोट के अंतर से जीते, चुनाव में कुल तीन वार्ड के कुल वोटर 2807 थे, उनमें से,1457 मतदाताओं ने मतदान किया, 324 कुल खारिज मत हुए। इस दौरान रेगर समाज के रामेश्वरलाल चौहान देवली कलां, लुणाराम तंवर रास, चैलाराम कुलदीप जैतारण, ताराचंद नोगीया झुठा,दिपाराम जाजोरिया, पत्रकार दिलीप चौहान देवलीकलां, रामचंद्र सिंगाड़िया कात्यासनी, श्रवणलाल तंवर रास, पत्रकार मोहनलाल तंवर, तखतराज फुलवारी गिरी, समंदरराम पाटन, सुरेश जाजोरिया, राकेश बाकोलिया बलाडा, ओमप्रकाश, रमेश राबडीयावास, लाबुराम जाटोलिया, गोरधनराम मेगडदा, श्यामलाल सिंगाड़िया, अगराराम, तुलसाराम सिंगाड़िया, अशोक सुखरिया, नाथूराम मास्टर, केसुलाल रायपुर, विजयराज तुनगरिया रायपुर, जगदीश तुनगरिया, दिलीप मोसलपुरिया, विरमदेव चौहान देवलीकलां, जयराम सिंगाड़िया, ललित बोहरा, कैलाश चोरड़िया, सोहनलाल बाकोलिया, जयराम सिंगाड़िया गिरी, शिवप्रसाद जाटोलिया, चम्पालाल तिगाया, महेंद्र रेगर गिरी, नेमीचंद चोरड़िया, ओमप्रकाश फुलवारी, प्रमोद तिगाया, पुर्व सचिव नेमीचंद नवल कुशालपुरा, शैषमल फुलवारी चावण्डिया कलां, गोरधन लाल जाटोलिया, सुरेश तंवर जोधपुर, हरिराम चौहान देवली कलां, सत्यनारायण चोरड़िया, बाबूलाल चौहान , हुकमाराम जाटोलिया, माणकलाल, प्रकाश रेगर, श्यामलाल तिगाया केसरपुरा सहित समाज के गणमान्य नागरिकों ने हार्दिक शुभकामनाएं देकर बधाईयां दी है।

# समाजसेवी राजस्थान इंडियन स्टार डॉक्टर महेश सोनी को भारत रत्न अटल सम्मान पत्र 2024 से किया सम्मानित

♦भारत टाइम्स♦



**सोजत सिटी।** जाने माने भामाशाह व समाजसेवी व मानवाधिकार परिषद के राजस्थान प्रदेश सह सचिव व सोजत मेहंदी नगरी के युवा रत्न व राजस्थान इंडियन स्टार डॉक्टर महेश सोनी सोजत सिटी को भामाशाह व समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर भाजपा रत्न अटल सम्मान समारोह के शुभ अवसर पर भारत रत्न अटल सम्मान पत्र 2024 से आपको समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर ऑनलाइन सम्मानित किया गया। एव भारत रत्न अटल सम्मान आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता है। एवं समाजसेवी व मानवाधिकार परिषद के राजस्थान प्रदेश सह सचिव व राजस्थान इंडियन स्टार डॉक्टर महेश सोनी ने आभार जताया।

# विद्यालय विकास समिति की दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

♦भारत टाइम्स♦

**बगड़ी नगर - महेंद्र सिंह।** कस्बे के श्रमण वर्द्धमान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति,(एसडीएमसी एवं एसएमसी) के सदस्यों की दो दिवसीय कार्यशाला प्रधानाचार्य देवाराम प्रजापत की अध्यक्षता में शुरू हुई जिसमें बगड़ी नगर परिक्षेत्र के उच्च माध्यमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों की समितियों के सदस्यों के साथ ही शिक्षक प्रतिनिधियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ ने भाग लेकर विद्यालयो के विकास एवं विभिन्न समस्याओं के संबंध में अवगत कराया। संदर्भ व्यक्ति के रूप में महासती चंदनबाला जैन राजकीय



बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार मेवाड़ा ने विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति की संरचना एवं समिति सदस्यों के दायित्व के संबंध में प्रकाश डालते हुए कहा कि जनभागीदारी के बिना विद्यालयो का सर्वांगीण विकास असंभव है, इसलिए अभिभावकों का सक्रिय सहयोग और प्रत्यक्ष जुड़ाव जरूरी है।उन्होंने विद्यार्थियों के हितार्थ शिक्षा विभाग की विविध योजनाओं के क्रम में शिक्षा के मौलिक अधिकार राइट टू एजुकेशन के बारे में भी जानकारी दी। प्रधानाचार्य देवाराम प्रजापत ने सदस्यों से अपने अधिकार एवं कर्तव्य के प्रति सजग रहने की अपील करते हुए उनसे विद्यालय के शैक्षिक एवं भौतिक विकास में योगदान देने का अनुरोध किया। उन्होंने श्रमण वर्द्धमान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के जीणोर्धार में सहयोग के लिए भामाशाहो का भी आभार जताया। संचालन वरिष्ठ अध्यापक दिनेश कुमार आद्रा ने किया। इस अवसर पर समाजसेवी राजेंद्र पोकरना, देवीलाल प्रजापत, मोहनलाल सीरवी (चोगानिया), राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय हामडो का पिपलिया के प्रधानाध्यापक लक्ष्मणलाल देवड़ा, अध्यापिका बनिता मीणा तथा राजकीय संस्कृत उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका इंद्रा शर्मा के साथ ही विद्यार्थियों ने भी अपने विचार रखे। कार्यशाला में तुषार त्रिवेदी, जितेंद्रसिंह चावड़ा, कमल हासन, सुगनदास वैष्णव, गंगाविशन डारा, रमेश भट्ट, मंजुलता शर्मा व आशासहयोगिनी संतोषकंवर सहित कई सदस्यों ने अपनी सहभागिता निभाई। दो दिवसीय कार्यशाला का समापन मंगलवार को होगा।

# लाखों रुपये के बिजली तार चोरी मामले में फरार आरोपी पुलिस गिरफ्त में ...

## बिजली तार चोरी आरोपी को नागोर से किया गिरफ्तार ...

♦भारत टाइम्स♦

**मारवाड़ जंक्शन (अजयसिंह तोमर)।** जिला पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट के निर्देश से चोरियों के खुलासा के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मारवाड़ जंक्शन थाना अधिकारी सरोज बैरवा के नेतृत्व में पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी । मारवाड़ जंक्शन उपखंड क्षेत्र के निकटवर्ती गांव आऊवा, भगवान पुरा गांवों के निकट चालु विद्युत लाइन से सेकड़ों मीटर लाखो रुपये की लागत के विद्युत तार चोरी मामले में पुलिस द्वारा राजसमंद जिले के समिचर गाव निवासी फरार आरोपी प्रकाश भील को नागौर से





गिरफ्तार किया गया । थाना अधिकारी ने बताया कि इस मामले में पुलिस द्वारा पूर्व में छह आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेजा जा चुका उक्त आरोपी चार महीने से फरार चल रहा था और पुलिस को चकमा देकर अपना लोकेशन बदल रहा था । थाना अधिकारी द्वारा गठित टीम द्वारा अधिक प्रयास कर आरोपी प्रकाश भील को नागौर से गिरफ्तार किया गिरफ्तार आरोपी से पुलिस गहन पूछताछ में जुटी है आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# चौहटन नगर पालिका मे परिवर्तन होने के बाद अन्नपूर्णा रसोई बंद

## दिहाड़ी मजदूर हुए परेशान




♦भारत टाइम्स♦

**चोहटन /डूंगर राठी।** चौहटन ग्राम पंचायत से नगर पालिका से परिवर्तन होने के कारण चौहटन पंचायत समिति परिसर में पिछले 15 सितंबर 2023 से संचालित अन्नपूर्णा रसोई 1 दिसंबर से बंद कर दी है। जिससे इस रसोई घर में भोजन करने वाले दिहाड़ी मजदूर, शिक्षा अर्जित करने वाले विद्यार्थी, तथा पंचायत समिति परिसर में रोजमर्रा के काम में आने वाले लोग इस रसोई घर में भोजन करते थे। 1 दिसंबर से अन्नपूर्णा रसोई बंद होने से इन लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। 15 सितंबर 2023 में पिछली कांग्रेस सरकार ने प्रत्येक पंचायत समिति स्तर पर इंदिरा रसोई घर के नाम से योजना को संचालित किया था। 8 रूपए प्रति थाली के हिसाब से भोजन करवाया जाता था जिसमें 8 रूपए ग्राहक से तथा 17 रुपए सरकार अनुदान देती थी इस थाली में ढाई सौ ग्राम चपाती, 100 ग्राम दाल, तथा 100 ग्राम सब्जी दी जाती थी। प्रत्येक पंचायत समिति स्तर पर 100 दोपहर तथा 100 लोगों को शाम को भोजन करवाया जाता था। भारतीय जनता पार्टी कि राज्य में सरकार आते ही इस योजना का नाम का नाम परिवर्तन कर अन्नपूर्णा रसोई कर दिया तथा थाली में 300 ग्राम चपाती 100 ग्राम सब्जी 100 ग्राम चावल तथा 100 ग्राम सब्जी दी जाती है। राज्य सरकार ने अनुदान 17 रुपये से बढ़कर 22 रुपए कर दिया गया तथा ग्राहक से वही आठ रूपए प्रति थाली के हिसाब से लिया जाता था। लेकिन पिछले कुछ दिन पूर्व चौहटन ग्राम पंचायत को नगर पालिका में परिवर्तन होने के बाद इस अन्नपूर्णा रसोई को 1 दिसंबर से आगामी आदेश तक पूर्णता बंद कर दिया गया है। पंचायत समिति के परिसर में संचालित यह अन्नपूर्णा रसोई राजीवका द्वारा संचालित नारी शक्ति सीएलएफ द्वारा संचालित की जा रही है। अन्नपूर्णा रसोई बंद करने से आम मजदूर तथा पंचायत समिति परिसर रोजमर्रा के काम आने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चुन्नीलाल सामाजिक कार्यकर्ता पंचायत समिति परिसर में संचालित अन्नपूर्णा रसोई जिला परिषद से आदेश मिलने के बाद आगामी आदेश तक बंद कर दी गई है। हीरसिह सहायक विकास अधिकारी पंचायत समिति चौहटन।

# धनाऊ आगहशाह का तला के सीनियर सेकेंडरी स्कूल मात्र दो अध्यापक

## दो अध्यापकों का हुआ तबादला

## छात्रों ने स्कूल के गेट बंद कर किया प्रदर्शन

♦भारत टाइम्स♦

**रिपोर्टर प्रदीप कुमार गर्ग।** चोहटन विधानसभा के तहत धनाऊ तहसील के राउमावि आगीनशाह का तला में शिक्षकों की कमी को लेकर सोमवार को विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने विद्यालयों के बाहर गेट बंद कर शिक्षकों की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। वही उपखंड मुख्यालय पर पहुंचकर तहसीलदार को विद्यालय में अध्यापकों की शीघ्र भर्ती को लेकर सोपा ज्ञापन। चौहटन विधानसभा क्षेत्र के सुदूर सीमावर्ती आगिन शाह तला मे सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इस समय 300 से अधिक छात्र-छात्राएं अध्यनरत है कक्षा 1 से लेकर 12 तक विद्या अध्ययन करवाया जाता है। पिछले दो सालों से इस विद्यालय का माध्यमिक से सीनियर माध्यमिक



विद्यालय में क्रमोन्नत की गई। विद्यालय क्रमोनत होने के पश्चात आज दिन तक इस विद्यालय में किसी प्रकार की किसी भी अध्यापक की नियुक्ति नहीं की गई। बीते दो वर्षों से लगातार शिक्षकों की कमी से जूझ रहे ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों संबंधित विषयों के शिक्षक लगाने की मांग करते हुए सोमवार को विद्यालय के आगे बैठकर विद्यालय का ताला जड़ दिया। तथा शिक्षकों की मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे।ग्रामीणों ने बताया कि इस विद्यालय में कार्यरत चार में से दो शिक्षकों का अधिशेष मे समायोजन कर अन्य विद्यालय में तबादला कर दिया गया। आगीन शाह विद्यालय के छात्र छात्राओं एवं ग्रामीणों ने अधिशेष बताकर अन्य विद्यालय में अध्यापकों का स्थानांतरण करने तथा विद्यालय में विषय अध्यापकों के पद शीघ्र भरने को मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया तथा विद्यालय का ताला जड़ दिया। उसके पश्चात चौहटन उपखंड मुख्यालय पर पहुंचकर मुख्यमंत्री तथा शिक्षा मंत्री के नाम के ज्ञापन उपखंड अधिकारी के नाम तहसीलदार को सोपा।

# चौधरी रामजी जाखड की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम 15 को

**बाड़मेर / डूंगर राठी।** जाट चेरिटेबल ट्रस्ट नेहरू नगर बाड़मेर में आज चौधरी रामजी जाखड़ की प्रतिमा का अनावरण 15 दिसम्बर को ग्राम पंचायत मुख्यालय धारासर पर किया जा रहा है इनको लेकर पोस्टर का विमोचन किया गया तथा तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया , एडवोकेट डालूराम चौधरी ने बताया कि शुरू से ही लाग बाग विरोधी, संघर्षी, त्यागी, दानी, दयालु ,धार्मिक प्रवृति के चौधरी रामजी जाखड़ थे , सरपंच नैनाराम बेनीवाल ने बताया कि वि सं 1925 में कई किसानों के साथ धारासर बसाई उस समय बदमाश ओर लुटेरो का बोलबाला था। उनका उस क्षेत्र की आमजन तथा जागीरदारों में भयंकर




खौफ था उनको धारासर से भगाकर अत्याचारों से आमजन को रामजी ने राहत दिलाई। धारासार सरपंच अमरा राम जाखड़ ने बताया कि वि सं 1934 मारवाड मालाणी में भयंकर अकाल पडा। इस अकाल में आपने लोगों की भरपूर मदद की। रामजी के पास मजिस्ट्रेट के पॉवर थे। थार के पंचों में रामजी प्रमुख पंच थे वो न्यायप्रिय व्यक्ति थे, चौधरी रामजी जाखड़ ने अपने जीवन काल में आमजन को राहत दिलाई, उन वर्षों मारवाड़ में ज्यादातर अकाल पड़ते थे उन अकालों में चौधरी रामजी जाखड़ ने आमजन के लिए अपने द्वार खोल दिए थे तथा भरपूर मदद की थी। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम के दौरान एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष रायचंद खांगट , एडवोकेट मेघाराम जाखड़, नारायणराम गोदारा, हरिराम बेनीवाल, गजाराम जाखड़, रोहित सेवर, कंवराज जाखड़, प्रेम प्रकाश जाखड़, पुखराज जाखड़, मुकनाराम, आईदान राम, पूनमाराम, गोसाई राम, उमेदाराम, भारूराम सहित सभी समाज के मौजीज लोग उपस्थित रहे।

# सोजत बार एसोसिएशन चुनाव में प्रत्याशियों ने फार्म भरे

♦भारत टाइम्स♦

*बगड़ी नगर - महेंद्र सिंह। बार एसोसिएशन सोजत के चुनाव 2024-25 के लिए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सचिव, सह सयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष, पुस्तकालय सचिव के लिए सदस्यों द्वारा कुल 20 अवेदन पत्र खरीदे गए, जिसमे से 17 आवेदन विभिन्न पदों के चुनाव के लिए प्राप्त हुए हैं। इनमें अध्यक्ष पद के लिए श्री दशरथ सिंह बारहठ, देवेंद्र कुमार व्यास, राजेश चौधरी वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए घेवरराम गेहलोत, राजाराम प्रजापति, ललित कुमार पंवार और सचिव पद के लिए अशोक कुमार गेहलोत श्री कल्याण नाथ, पवन दवे, पुनित दवे सयुक्त सह सचिव पद के लिए दिव्यानन्द शर्मा, सम्पत राज सरपटे, विरेन्द्रसिंह सिसोरिया एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए गोविन्द प्रसाद, निलम सोनी पुस्तकालय सचिव पद के लिए जय तंवर, रेखा कुम्हार के नामांकन सही पाए गए है निर्वाचन अधिकारी बार एसोसिएशन सोजत के धर्मेंद्र देवासी ने बताया कि 6.12.24, 7.12.24 को 10.12.24 को चुनाव प्रत्याशी अपने नाम वापस ले सकते है।*

# बस्ता मुक्त गतिविधि के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय देवगढ़ को सजाया गया

♦भारत टाइम्स♦

**देवगढ़ विद्याधर वैष्णव।** पीएम श्री योजना के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय देवगढ़ के बच्चों को चित्रकला कार्यशाला के तहत वॉल पेंटिंग करते हुए विद्यालय में दीवारों पर चित्रांकन करवाया गया बच्चों में खोई हुई चित्रकला के प्रति जागरूकता बढ़ा दी और विद्यालय को भी सुंदर बना दिया गया प्राचार्य विजयेंद्र नागदा ने बताया कि बच्चों में कलात्मक विकास के लिए विभिन्न कला के गतिविधियों का आयोजन करवाया जा रहा है जिससे बच्चों को कला के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया जा सके विद्यालय के कला शिक्षक दिनेश



कुमार मीणा के नेतृत्व में कार्यशाला में मुख्य कलाकार भूपेंद्र कुमार एवं उनके सहयोगी द्वारा बच्चों को कला की बारीकियां सिखाई गई कार्यशाला में विद्यार्थियों को वॉल पेंटिंग जिसमें विद्यालय के मंच पर साज सज्जा पर आधारित चित्र बनवा इसके अतिरिक्त योगाभ्यास को बढ़ावा हेतु वॉल पर योगाभ्यास में सूर्य नमस्कार के चित्र बनवाये गए । मंच पर



संगीत से संबंधित चित्र वह वरली पेंटिंग अदि का कलात्मक ज्ञान दिया गया। इसी क्रम में विद्यालय की सीढ़िया पर सीखने के प्रति जागरूकता लाने हेतु अंग्रेजी के टेंस भारत के राज्य एवं उनकी राजधानियों के नाम, विज्ञान, गणित आदि के फामूर्ले की कैलीग्राफी लिखने की कला सिखाई गई तथा विद्यालय भवन के खंभो व दीवारों पर हिंदी, अंग्रेजी व संस्कृत के सुविचार लिखने की कला (कैलीग्राफी )का संपूर्ण ज्ञान दिया गया। जिससे विद्यार्थी चलते हुए सुविचारों से कुछ नया सीख सके एवं आनंद ले सके। विद्यालय की दीवारों पर स्टैंसिल पेंटिंग भी सिखाई गई इस प्रकार इस प्रकार बस्ता मुक्त गतिविधि में विद्यालय के सभी विद्यार्थी चित्रकला सीखने में रुचि दिखा रहे हैं तथा कला की बारीकियां सीखते हुए विद्यालय को रंगाकन एवं कलाकृतियों द्वारा सुंदर बनाया जा रहा है।

# प्रयागराज महाकुंभ - कल्पवास से प्रशस्त होता है मोक्ष का मार्ग



भारत के पहले राष्ट्रपति ने किया था कल्पवास कल्पवास सनातन धर्म में एक महत्वपू र्ण साधना है, जिसमें भक्त पवित्र नदियों के तट पर एक महीने तक संयमित जीवन जीते हैं. इसका उद्देश्य आत्मशुद्धि और मोक्ष की प्राप्ति है. इस दौरान भक्त संगम के तट पर एक सादा और संतुलित जीवन बिताते हैं


कल्पवास न केवल एक कठिन व्रत है, बल्कि यह एक जीवनदायिनी साधना भी है। यह व्रत व्यक्ति को अपने जीवन के उद्देश्य को समझने और उसे आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाने का अवसर प्रदान करता है। मान्यता है कि महाकुंभ में कल्पवास करने वालों के मोक्ष का द्वार खुल जाता है. 13 जनवरी 2025 को पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ इस महाकुंभ का शुभारंभ होगा. संगम की रेती पर हर साल की तरह लाखों भक्त कल्पवास का संकल्प लेकर एक महीने तक यहां रहेंगे, जो एक अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव होता है. इस बार कल्पवास करने वाले भक्त पौष पूर्णिमा से माघी पूर्णिमा तक 30 दिन का साधना काल बिताएंगे यानी कल्पवास 13 जनवरी से 12 फरवरी तक रहेगा. कुछ भक्त मकर संक्रांति से शुरूआत कर 40 दिनों तक यहां ठहरेंगे. इस दौरान उनकी दिनचर्या अनुशासन और संयमित होती है. कल्पवासी रोज सूरज उगने से पहले गंगा में स्नान कर दिन की शुरूआत करते हैं और बाकी दिन पूजा-पाठ, सत्संग और कथा में बिताते हैं. भारत के पहले राष्ट्रपति ने किया था कल्पवास कल्पवास सनातन धर्म में एक महत्वपूर्ण साधना है, जिसमें भक्त पवित्र नदियों के तट पर एक महीने तक संयमित जीवन जीते हैं. इसका उद्देश्य आत्मशुद्धि और मोक्ष की प्राप्ति है. इस दौरान भक्त संगम के तट पर एक सादा और संतुलित जीवन बिताते हैं, जो उनके मानसिक और शारीरिक कायाकल्प में सहायक माना जाता है. संगम में कल्पवास की परंपरा सदियों पुरानी है, जो माघ मेले में आस्था का मुख्य आकर्षण है. यह पर्व न केवल भक्तों को आध्यात्मिक शक्ति प्रदान करता है बल्कि उनके जीवन को एक नई दिशा भी देता है. संगम पर एक महीने का यह प्रवास भक्तों को सच्चे सन्यास आश्रम का अनुभव कराता है. हर दिन का एक नियम और अनुशासन होता है, जो उन्हें एक आध्यात्मिक यात्रा पर ले जाता है। यही वजह है कि दुनिया की सबसे बड़ी अलौकिक तंबुओं की नगरी संगम तीरे लाखों साधु-संतो, नागा सन्यासियों का जमघट होने लगा है। इसमें भारतीय संस्कृति का सार व विश्वास समाहित है। यही वजह है कि इस महाकुंभ का गवाह हर व्यक्ति बनना चाहता है। गंगा यमुना की रेती सनातन मतावलंबियों से पहली बार कब गुलजार हुई, इसका कोई स्पष्ट प्रमाण नहीं है, लेकिन त्रेता युग में भी कल्पवास जैसी परंपरा थी। मेले का प्रथम लिखित प्रमाण महान बौद्ध तीर्थयात्री ह्वेनसांग के लेख से मिलता है जिसमें आठवीं शताब्दी में सम्राट हर्षवर्धन के शासन में कुम्भ का वर्णन है। रामचरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास ने इस बात का प्रमाण इस चौपाई से दिया है :- ह्यमाघ मकरगत रबि जब होई, तीरथपतिहिं आव सबक कोई। देव दनुज किन्नर नर श्रेनीं, सादर मज्जहि सकल त्रिबेनी।।ह्य अर्थात माघ माह में मकर राशि पर भगवान सूर्य आ जाते हैं और तीर्थों के राजा प्रयाग के संगमत तट पर कल्पवास शुरू हो जाता है। लाखों-करोड़ों की संख्या में लोग इस पावन पर्व में उपस्थित होते हैं। हर कोई संगम में डुबकी लगाकर हर पाप, हर कष्ट से मुक्त होना चाहता है। श्रद्धालु इस पावन जल में नहा कर अपनी आत्मा की शुद्धि एवं मोक्ष के लिए प्रार्थना करते हैं। हते है एक मास के कल्पवास से एक कल्प (ब्रह्मा का एक दिन) का पुण्य मिलता है। इस परंपरा के महत्व की चर्चा वेदों से लेकर महाभारत और रामचरितमानस में अलग-अलग नामों से मिलती है। आज भी कल्पवास नई और पुरानी पीढ़ी के लिए आध्यात्म की राह का एक पड़ाव है, जिसके जरिए स्वनियंत्रण और आत्मशुद्धि का प्रयास किया जाता है।




बदलते समय के अनुरूप कल्पवास करने वालों के तौर-तरीके में कुछ बदलाव जरूर आए हैं, लेकिन न तो कल्पवास करने वालों की संख्या में कमी आई है, न ही आधुनिकता इस पर हावी हुई है। कल्पवास के लिए माना जाता है कि संसारी मोह-माया से मुक्त और जिम्मेदारियों को पूरा कर चुके व्यक्ति को ही कल्पवास करना चाहिए। क्योंकि जिम्मेदारियों से जकड़े व्यक्ति के लिए आत्मनियंत्रण थोड़ा कठिन माना जाता है। कल्पवास के दौरान कल्पवासी को जमीन पर शयन करना होता है। इस दौरान फलाहार, एक समय का आहार या निराहार रहने का भी प्रावधान है। कल्पवासी को नियमपूर्वक तीन समय गंगा स्नान और यथासंभव भजन-कीर्तन, प्रभु चर्चा और प्रभु लीला का दर्शन करना चाहिए। कल्पवास की शुरूआत करने के बाद इसे 12 वर्षों तक जारी रखने की परंपरा है। वैसे, इससे अधिक समय तक भी इसे जारी रखा जा सकता है। भारतीय परम्परा के अनुसार, चार सर्वमान्य आश्रमों के सिद्धांत ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास के अंतर्गत तीसरे आश्रम वालों यानी उन गृहस्थों के लिए जो अपनी आयु के 50 साल पूरे कर चुके हैं। कल्पवास उनके लिए निश्चित किया गया था। गृहस्थ आश्रम व्यतीत कर चुके गृहस्थी लोग उस वक्त अपना अधिकतर समय अरण्य यानी जंगल में गुजारा करते थे। कल्प उसे कहा जाता है जब ईश्वरासक्त होकर पूरे ब्रह्मचर्य के साथ एक प्रकार ही दिनचर्या को एक निश्चित अवधि के लिए किया जाता है। इस प्रकार की दिनचर्या को प्रायः लंबी अवधि वाले धार्मिक अनुष्ठानों के दिनों में किया जाता है। कुंभ भी एक लंबा धार्मिक अनुष्ठान है। इसलिए कुंभ की पूरी अवधि, जो लगभग 50 दिनों की होती है, इसमें भगवान की भक्ति में आसक्त होकर पूरे दिन हवन, मंत्र जाप, स्नान आदि जैसी क्रियाओं को कल्पवास कहा जाता है। पौष मास की ग्यारहवीं तिथि से लेकर माघ मास की बारहवीं तिथि तक की अवधि को प्रायः कल्पवास के लिए उचित समय माना जाता है। प्रयागराज के संगम तट पर माघ के महीने में कल्पवास का विशेष महत्व है। महाकुंभ के दौरान कल्पवास करने से व्यक्ति का कायाकल्प हो जाता है, इसका धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व प्रमाणित है। मान्यताओं के अनुसार कल्पवास महर्षि भारद्वाज द्वारा चलाई गई वो पद्धति है जिससे सांसारिक जीवन में रहकर मनुष्य पूरे साल के पापों को धो सकता है। इतना ही नहीं मनुष्य कल्पवास के माध्यम से ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त होता है, जिससे उसका वंश अनेक पीढ़ियों तक फलता-फूलता है। कहा गया है कि कुंभ कल्पवास के दौरान दान आदि कर्मों द्वारा असीम पुण्य अर्जित होता है, जिसके फलस्वरूप इस देह का अंत होने पर साधन मुक्ति प्राप्त करता है। महाकुम्भ कल्पवास ब्रह्मचारियों के लिए तपस्थली, संन्यासियों के लिए तपोभूमि, गृहस्थियों के लिए सांस्कृतिक जीवन जीने का एकमात्र अध्याय और वानप्रस्थ के लिए मुक्ति का साधन है। महाकुम्भ अद्भुत आयोजन है जिसके कुछ विशेष नियम हैं, जैसे हमें क्या खाना चाहिए, कब और क्या करना चाहिए, हमें लोगों के लिए कैसे शब्दों का प्रयोग करना चाहिए, संत के सानिध्य में कैसे बैठना चाहिए, कथाओं और यज्ञों में कैसे भागीदार बनना चाहिए। यह सारी बातें कुम्भ कल्पवास से पहले जानने योग्य है। आध्यात्मिक दृष्टि से कुंभ के काल मे ग्रहों की स्थिति एकाग्रता तथा ध्यान साधना के लिए उत्कृष्ट होती है। समुद्र मंथन की कथा में कहा गया है कि कुम्भ पर्व का सीधा सम्बन्ध तारों से है। अमृत कलश को स्वर्ग लोक तक ले जाने में इंद्र के पुत्र जयंत को 12 दिन लगे। देवों का एक दिन मनुष्यों के 1 वर्ष के बराबर है इसीलिए तारों के क्रम के अनुसार हर 12वें वर्ष कुम्भ पर्व विभिन्न तीर्थ स्थानों पर आयोजित किया जाता है। कुम्भ पर्व एवं गंगा नदी आपस में सम्बंधित हैं। यहां स्नान करना मोक्ष प्राप्त करने के लिए आवश्यक माना जाता है। हर 144 वर्ष बाद यहां महाकुंभ का आयोजन होता है। शास्त्रों में बताया गया है कि पृथ्वी का एक वर्ष देवताओं का दिन होता है, इसलिए हर बारह वर्ष पर एक स्थान पर पुनः कुंभ का आयोजन होता है। देवताओं का बारह वर्ष पृथ्वी लोक के 144 वर्ष के बाद आता है। ऐसी मान्यता है कि 144 वर्ष के बाद स्वर्ग में भी कुंभ का आयोजन होता है इसलिए उस वर्ष पृथ्वी पर महाकुंभ का अयोजन होता है। महाकुंभ के लिए निर्धारित स्थान प्रयाग को माना गया है। प्रयागराज का उल्लेख भारत के धार्मिक ग्रन्थों वेद, पुराण, रामायण और महाभारत में भी मिलता है। गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों का यहां संगम होता है, इसलिए हिन्दुओं के लिए इस शहर का विशेष महत्त्व है। मानव जीवन के लिए कल्पवास को आध्यात्मिक विकास का माध्यम माना जाता है, जिसके जरिए आत्मशुद्धि का प्रयास किया जाता है।

# दिल्ली चुनाव से पहले आप-बीजेपी में पोस्टर वार, पुष्पा बने केजरीवाल

दिल्ली में विधानसभा चुनाव की तारीखों का अभी ऐलान भी नहीं हुआ है। इससे पहले दिल्ली में आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच में पोस्टर वार भी शुरू हो चुका है। बीजेपी अपने पोस्टरों में आप के घोटालों को सामने लाने में जुटी हुई है। वहीं आप ने भी पुष्पा फिल्म वाला पोस्टर जारी कर बीजेपी पर पलटवार किया है। दिल्ली बीजेपी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केजरीवाल का एक पोस्टर जारी किया। इसमें आम आदमी पार्टी सरकार के कथित घोटालों के बारे में बताया गया है। इस पोस्टर में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के फोटो को लगाया गया है और कैप्शन में लिखा गया ह्यकेजरीवाल के घोटालों का मकड़जालह्न। इसके साथ इसमें शराब, शीशमहल, दवाई, दिल्ली जलबोर्ड, क्लासरुम, सीसीटीवी, डीटीसी, पैनिक बटन, राशन, सिक्योरिटी, हवाला और मोहल्ला क्लीनिक को दिखाया गया है। आप ने किया पलटवार भारतीय जनता पार्टी के पोस्टर पर आप ने भी पलटवार किया है। पार्टी ने एक पोस्टर जारी केजरीवाल के हाथ में झाड़ू को पकड़े हुए दिखाया है। वह अभी हाल ही में रिलीज हुई मूवी पुष्पा के स्टाइल में खड़े हुए हैं। साथ ही लिखा है कि केजरीवाल झुकेगा नहीं, केजरीवाल का 4 टर्म कमिंग सून भी लिखा है। अअढ में उठे बगावत के सुर से बढ़ेगी अरविंद केजरीवाल की टेंशन बीजेपी के नारे पर भी केजरीवाल ने कसा तंज भारतीय जनता पार्टी के नारे बदले के रहेंगे पर भी केजरीवाल ने कटाक्ष किया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, ह्यआज बीजेपी ने नारा दिया है -बदल के रहेंगे। जिसका डर था, वही हुआ। मैंने पहले ही कहा था कि अगर इनको वोट दे दिया तो दिल्ली की जनता के साथ मिलकर दस साल में आम आदमी पार्टी की सरकार ने जो काम किया है, वो सब काम ये लोग बंद कर देंगे। आज इन्होंने अधिकारिक तौर पे ऐलान कर दिया कि वे सब कुछ बदल देंगे। यानि 24 घंटे बिजली बंद हो जाएगी, फिर लंबे लंबे पॉवर कट लगने लगेंगे, फ्री बिजली बंद हो जाएगी, हजारों रुपए महीने के बिजली बिल आने लगेंगे, महिलाओं का फ्री बस सफर बंद हो जाएगा, सभी सरकारी स्कूल फिर से बर्बाद हो जाएंगे, सभी मोहल्ला क्लिनिक बंद कर दिए जाएंगे, सभी सरकारी अस्पतालों में मिलने वाली फ्री दवाइयां और इलाज बंद हो जाएगा। बहुत सोच समझकर वोट देना। इन्होंने अपनी मंशा साफ कर दी।




# संपादकीय

## ये भारत के लिए शर्मिंदगी की वजह

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने रविवार को बीजेपी पर निशाना साधा। थरूर ने अमेरिका के विदेश विभाग के खिलाफ आरोपों के लिए भाजपा की तीखी आलोचना की। उन्होंने इस घटनाक्रम को वैश्विक मंच पर भारत के लिए शर्मिंदगी बताया। शशि थरूर ने कहा कि यह स्पष्ट की भाजपा को ना तो लोकतंत्र की समझ है, ना ही कूटनीति की। शशि थरूर ने बीजेपी पर साधा निशाना बीजेपी पर निशाना साधते हुए शशि थरूर ने कहा, यह स्पष्ट की भाजपा को ना तो लोकतंत्र की समझ है, ना ही कूटनीति की। बीजेपी के लोग ओछी राजनीति करने में इतने अंधे हो गए हैं कि स्वतंत्र मीडिया और नागरिक संस्थाओं के मूल्य को भूल गए हैं। बीजेपी के लोग प्रमुख देशों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने की जिम्मेदारियों से अनजान हैं। ये आक्रामक व्यवहार भारत के लिए शर्मिंदगी की बात है। भाजपा ने अमेरिकी विदेश विभाग पर एक समाचार पोर्टल को कुछ फंडिंग के माध्यम से भारत को अस्थिर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। बीजेपी ने कहा था कि पोर्टल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाया था। इसके बाद अमेरिका की ओर से बयान आया था। महंगाई के बीच GST रेट बढ़ाने वाली है मोदी सरकार? जानिए राहुल गांधी को क्यों सताई यह चिंता अमेरिका ने दी थी प्रतिक्रिया अमेरिकी दूतावास के एक प्रवक्ता ने शनिवार को कहा था, अमेरिकी सरकार प्रोग्रामिंग पर स्वतंत्र संगठनों के साथ काम करती है जो पत्रकारों के लिए पेशेवर विकास और क्षमता निर्माण प्रशिक्षण का समर्थन करती है। दुनिया भर में मीडिया की स्वतंत्रता के चैंपियन रहे हैं। स्वतंत्र प्रेस किसी भी लोकतंत्र का एक अनिवार्य अंग है, जो सत्ता में बैठे लोगों को जवाबदेह बनाता है। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने दावा किया था कि अमेरिका में कुछ तत्वों ने पत्रकारों के एक समूह और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ मिलकर भारत की विकास गाथा को अपुष्ट तरीके से बाधित करने की कोशिश की है। उन्होंने कहा था कि यह सब अमेरिकी विदेश विभाग के साथ मिलकर किया जा रहा है। बीजेपी प्रवक्ता ने राहुल गांधी पर गद्दार होने का आरोप लगाया था। उन्होंने यह भी कहा कि ह्यअमेरिका की कुछ एजेंसियां और सोरोस भारत को अस्थिर करने की कोशिश में एक खतरनाक त्रिकोण बना रहे हैं।



## आस्था...

### 30 साल बाद नजदीक आएंगे बुध और शनि, नए साल में इन 3 राशियों के घर खुशियां देंगी दस्तक...

साल 2024 अपने अंतिम पड़ाव की ओर है और कुछ ही दिनों में नए साल की शुरूआत हो जाएगी। ज्योतिष के लिहाज से साल 2025 ग्रहों के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण रहेगा। इस वर्ष कई ग्रह राशि परिवर्तन करने वाले हैं। इसके साथ ही कई शुभ ग्रहों की युति बनने वाली है। इस युति का असर सभी 12 राशि वाले जातकों पर पड़ेगा। द्रिक पंचांग के अनुसार, 2025 की शुरूआत में दो मित्र ग्रह वाणी के कारक बुध और कर्मफल दाता शनि देव का शुभ संयोग कुंभ राशि में बनने जा रहा है। दरअसल, लगभग 30 साल बाद शनि और बुध की युति कुंभ राशि में बनने जा रही है। इस विशेष संयोग का असर कुछ राशियों के लिए बेहद शुभ रहेगा। इन राशियों को नौकरी, कारोबार और धन के मामलों में बड़ी सफलता मिल सकती है। ऐसे में आइए जानते हैं कि किन राशियों को इस युति से फायदा मिलने वाला है। मेष राशि मेष राशि वाले जातकों के लिए नया साल बेहतरीन रहेगा। साल 2025 में आय के नए स्रोत मिलेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लोगों को शुभ समाचार मिल सकता है। घर-परिवार और वैवाहिक जीवन में खुशहाली आएगी। शेयर बाजार से जुड़े लोगों को लाभ मिलेगा। इस दौरान किए निवेश से आपको फायदा होगा। बच्चों को पढ़ाई और करियर में सफलता मिलेगी। कुल मिलाकर देखा जाए तो इस वर्ष आपको लाभ ही लाभ मिलने वाला है। जनवरी 2025 से बदल जाएगा इन राशियों का भाग्य, राहु-शुक्र की युति से मिलेगा लाभ, करियर-बिजनेस में अपार बढ़ोतरी के योग मकर राशि साल 2025 मकर राशि वाले जातकों के लिए खुशियां लेकर आएगा। इस वर्ष नए लोगों से मुलाकात होगी और आपके संबंध मजबूत बनेंगे। लेखन, मीडिया और कम्युनिकेशन से जुड़े लोगों के लिए समय फायदेमंद रहेगा। पुराना फंसा हुआ पैसा वापस मिल सकता है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में जीत मिलेगी। साल 2025 में किस्मत आपका साथ देगी। शनिदेव की कृपा से आपने बिगड़े काम बन जाएंगे। कुंभ राशि कुंभ राशि वाले जातकों के लिए नया साल लकी साबित होगा। इस साल आपको मान-सम्मान मिलेगा। आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी।

## आज का राशिफल

### मेष: चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।

**मेष:** लाभ लेने के लिए बड़ों को अपनी अतिरिक्त ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करना चाहिए। आज आप घर से बाहर तो बहुत सकारात्मकता के साथ निकलेंगे लेकिन किसी कीमती वस्तु के चोरी होने की वजह से आपका मूड खराब हो सकता है। पढ़ाई की क ीमत पर घर से ज्यादा देर तक बाहर रहना आपको माता-पिता के गुस्से का शिकार बना सकता है। करिअर के लिए योजना बनाना उतना ही आवश्यक है, जितना कि खेलना-कूदना। इसलिए माता-पिता को खुश करने के लिए दोनों में संतुलन बनाना जरूरी है। आज आपके और आपके प्यार के बीच कोई आ सकता है।

### वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो ।

**वृषभ:** कार्यक्षेत्र में वरिष्ठों का दबाव और घर में अनबन के चलते आपको तनाव का सामना करना पड़ सकता है- जो काम में आपकी एकाग्रता को भंग करेगा। आज यदि आप अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने जा रहे हैं तो पैसा सोच समझकर खर्च करें। धन हानि हो सकती है। कुछ दिनों से आपका व्यक्तिगत जीवन ही आपके ध्यान का केंद्र रहा है। लेकिन आज आप सामाजिक कार्यों पर ज्यादा ध्यान देंगे और जरूरतमंदों की मदद करने की कोशिश करेंगे। जो भी बोलें, सोच-समझकर बोलें। क्योंकि कड़वे शब्द शांति को नष्ट करके आपके और आपके प्रिय के बीच दरार पैदा कर सकते हैं।

### मिथुन: क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा ।

**मिथुन:** आज शान्त और तनाव-रहित रहें। जो लोग काफी वक्त से आर्थिक तंगी से गुजर रहे थे उन्हें आज कहीं से धन प्राप्त हो सकता है जिससे जीवन की कई परेशानियां दूर हो जाएंगी। कुछ लोग जितना कर सकते हैं, उससे कई ज्यादा करने का वादा कर देते हैं। ऐसे लोगों को भूल जाएँ जो सिर्फ गाल बजाना जानते हैं और कोई परिणाम नहीं देते। दोस्ती में प्रगाढ़ता के चलते रोमांस का फूल खिल सकता है। प्रेमी को वक्त देने की कोशिश करेंगे लेकिन किसी जरुरी काम के आ जाने के कारण आप उनको समय दे पाने में कामयाब नहीं हो पाएंगे। आप अपने जीवनसाथी के प्यार की गर्माहट महसूस कर सकते हैं।

### कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।

**कर्क:** इच्छाशक्ति की कमी आपको भावनात्मक और मानसिक परेशानियों में फँसा सकती है। जिन लोगों ने किसी से उधार लिया है उन्हें आज किसी भी हालत में उधार चुकाना पड़ सकता है जिससे आर्थिक स्थिति थोड़ी कमजोर हो जाएगी। रिश्तेदारों से सहयोग मिलेगा और दिमागी बोझ से छुटकारा मिलेगा। मतभेद के चलते व्यक्तिगत संबंधों में दरार पड़ सकती है। सेमिनार और प्रदर्शनी आदि आपको नई जानकारियाँ और तथ्य मुहैया कराएंगे। जीवनसाथी द्वारा परिवार और मित्रों के बीच नकारात्मक तरीके से आपके वैवाहिक जीवन की निजी बातें उजागर हो सकती हैं।

### सिहं: मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे ।

**सिंह:** ज्यादा यात्रा करना झुंझलाहट पैदा कर सकता है। पैसा अचानक आपके पास अएगा, जो अपके खर्चों और बिल आदि को सम्हाल लेगा। परिवार के सदस्य कई चीजों की मांग कर सकते हैं। आपका साहस आपको प्यार दिलाने में सफल रहेगा। आज टीवी या मोबाइल पर कोई मूवी देखने में आप इतना व्यस्त हो सकते हैं कि आप जरुरी कामों को करना भी भूल जाएंगे। मुमकिन है कि आपके माता-पिता आपके जीवनसाथी को कुछ शानदार आशीर्वाद दें, जिसके चलते आपके वैवाहिक जीवन में और निखार आएगा।

### कन्या: टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।

**कन्या:** शकी स्वभाव के चलते आपको हार का मुँह देखना पड़ सकता है। बीते दिनों में जितना धन आपने आज को बेहतर बनाने के लिए इनवेस्ट किया था उसका फायदा आज आपको फायदा मिल सकता है। आम परिचितों से व्यक्तिगत बातों को बांटने से बचें। आज आप अपने प्रेमी के साथ कहीं घूमने का प्लान बनाएंगे लेकिन किसी जरुरी काम के आने की वजह से यह प्लान कामयाब नहीं हो पाएगा जिसकी वजह से आप दोनों के बीच कहासुनी हो सकती है। आज आप सारे रिश्तों और रिश्तेदारों से दूर होकर अपना दिन किसी ऐसी जगह पर बिताना पसंद करेंगे जहां जाकर आपको शांति प्राप्त होती है।

### तुला: रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते ।

**तुला:** काम के बीच-बीच में थोड़ा आराम करें और देर रात तक काम न करें। रियल एस्टेट सम्बन्धी निवेश आपको अच्छा-खासा मुनाफा देंगे। आपकी स्वच्छन्द जीवनशैली घर में तनाव पैदा कर सकती है, इसलिए देर रात तक बाहर रहने और ज्यादा खर्च करने से बचें। व्यक्तिगत मार्गदर्शन आपके रिश्ते में सुधार लाएगा। आज जीवन के कई अहम मुद्दों पर आप घरवालों के साथ बैठकर बात कर सकते हैं। आपकी बातें घरवालों को परेशान कर सकती हैं लेकिन इन बातों का हल अवश्य निकलेगा। आज आपको अपने जीवनसाथी से एक बार फिर प्यार हो जाएगा।

### वृश्चिक: तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।

**वृश्चिक:** झल्लाना और खीजना आपकी सेहत खराब कर सकता है। पुरानी बातों में न उलझें और जितना हो सके आराम करने की कोशिश करें। जिन व्यापारियों के संबंध विदेशों से हैं उन्हें आज धन हानि होने की संभावना है इसलिए आज के दिन सोच समझकर चलें। काम-काज में जरूरत से ज्यादा तनाव के चलते परिवार की जरूरतों और इच्छाओं को दरकिनार न करें। प्यार बहार की तरह है; फूलों, रोशनी और तितलियों से भरा हुआ। आज आपका रोमानी पहलू उभरकर आएगा। जीवन का आनंद लेने के लिए आपको अपने दोस्तों को भी समय देना चाहिए।

### धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे ।

**धनु:** आज आप ऊर्जा से लबरेज होंगे- आप जो भी करेंगे उसे आप उससे आधे वक़्त में ही कर देंगे, जितना वक़्त आप अक्सर लेते हैं। तंग आर्थिक हालात के चलते कोई अहम काम बीच में अटक सकता है। बढ़िया दिन है जब आप सबके ध्यान को अपनी तरफ खींचेंगे- आपके सामने चुनने के लिए कई चीजें होंगी और आपके सामने समस्या यह होगी कि किसे पहले चुना जाए। विवाह-प्रस्ताव के लिए सही समय है, क्योंकि आपका प्यार जीवन भर के साथ में बदल सकता है। आपकी संप्रेषण अर्थात कम्यूनिकेशन की क्षमता प्रभावशाली साबित होगी।

### मकर: भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी ।

**मकर:** मुमकिन है कि आपको किसी अंग मे दर्द या तनाव से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़े। आर्थिक तौर पर सुधार तय है। जीवनसाथी आपको धूम्रपान की लत से छुटकारा पाने के लिए प्रेरित करेगा। दूसरी बुरी आदतें छोड़ने के लिए भी बढ़िया समय है, क्योंकि जब लोहा गर्म हो तभी वार किया जाता है। आपका प्रिय आपको खुश रखने के लिए कुछ खास करेगा। अपने शरीर को दुरुस्त करने के लिए आज भी आप कई बार सोचेंगे लेकिन बाकी दिनों की तरह भी आज यह प्लान धरा का धरा रह जाएगा। यह शादीशुदा ज़िन्दगी के सबसे खास दिनों में से एक है। आपको प्रेम की गहराई का अनुभव करेंगे।

### कुंभ: गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा ।

**कुंभ:** अपनी सेहत का खयाल रखें। आपके पिता की कोई सलाह आज कार्यक्षेत्र में आपको धन लाभ करा सकती है. पढ़ाई की क ीमत पर घर से ज्यादा देर तक बाहर रहना आपको माता-पिता के गुस्से का शिकार बना सकता है। करिअर के लिए योजना बनाना उतना ही आवश्यक है, जितना कि खेलना-कूदना। इसलिए माता-पिता को खुश करने के लिए दोनों में संतुलन बनाना जरूरी है। प्यार एक ऐसा जज्बा है जिसे न सिर्फ महसूस किया जाना चाहिए, बल्कि अपने प्रिय के साथ बांटना भी चाहिए। आज आपको अपने ससुराल पक्ष से कोई बुरी खबर मिल सकती है।

### मीन: दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची ।

**मीन:** आप अपनी भावनाओं पर काबू रखने में दिक़्क़त महसूस करेंगे झ आपका अजीब रवैया लोगों को भ्रमित करेगा और इसलिए आपमे झुंझलाहट पैदा करेगा। जो उधारी के लिए आपके पास आएँ, उन्हें नजरअन्दाज करना ही बेहतर रहेगा। अपने दिन की योजना सावधानी से तय करें। ऐसे लोगों से बात करें, जो आपकी मदद कर सकते हैं। सावधान रहें, क्योंकि कोई आपकी छवि धूमिल करने की कोशिश कर सकता है। अगर आपके पास हालात से उबरने के लिए दृढ़ इच्छा-शक्ति है, तो कुछ भी असंभव नहीं है। अपने जीवनसाथी के किसी छोटी बात को लेकर बोले गए झूठ से आप आहत महसूस कर सकते हैं।



# खान तिकड़ी बड़े पर्दे पर मचाएगें धमाल!

बॉलीवुड के खान एक्टर्स यानी सलमान खान, शाहरुख खान और आमिर खान बीते कई सालों से लोगों को मनोरंजन कर रहे हैं. इन स्टार्स के तमाम चाहने वाले फैंस इनकी फिल्मों के लिए काफी यादा एक्साइटेड रहते हैं. फिलहाल, फैंस को सलमान खान, शाहरुख खान और आमिर खान को एक साथ फिल्म देखने का बेसब्री से इंतजार है. ये तीनों एक्टर्स अपने करियर में अभी तक एक साथ किसी भी फिल्म में नजर नहीं आए हैं. अब आमिर खान ने कंफर्म किया है कि तीनों स्टार्स एक साथ फिल्म करने के लिए तैयार हैं और इस खबर के बाद फैंस काफी यादा उतावले हो गए हैं. आइए जानते हैं कि आमिर खान ने क्या कहा है.आमिर खान ने दुबई में रेड सी फेस्टिवल के दौरान कहा उन्होंने शाहरुख खान और सलमान खान के साथ फिल्म करने को लेकर अपनी रजामंदी जाहिर की. उन्होंने कहा कि वे बस एक अछी स्क्रिप्ट का इंतजार कर रहे हैं. आमिर खान ने बताया कि इसके लिए सलमान खान और शाहरुख खान भी राजी हैं. एक्टर ने कहा, करीब 6 महीने पहले शाहरुख खान और सलमान खान और मैं एक साथ थे और हमने इस बारे में बात की थी. असल में मैं ही वो शख्स था जिसने इस बात को उठाया था. मैंने उन दोनों से कहा कि अगर हम तीनों एक साथ फिल्म नहीं करेंगे तो ये वाकई दुखद होगा आमिर खान ने कहा, मुझे लगता है कि सलमान खान और सलमान खान भी सहमत थे और उन्होंने कहा कि हमें एक साथ फिल्म करनी चाहिए. इसलिए उम्मीद है कि ये जल्द ही होगा. लेकिन इसके लिए सही तरह की कहानी की जरूरत होगी।



# रणबीर, विक्की के बाद चॉकलेट बॉय के साथ रोमांस करती नजर आएंगी तृप्ति डिमरी


अभिनेत्री तृप्ति डिमरी संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित फिल्म एनिमल से चर्चा में आईं। इस फिल्म में रणबीर के साथ इंटीमेट सीन देकर तृप्ति सबसे यादा चर्चा में आईं और नेशनल क्रश बन गईं। फिल्म एनिमल से उन्हें भाभी 2 का नाम मिला। इसके बाद तृप्ति को कई फिल्मों के ऑफर मिले। एनिमल के बाद तृप्ति डिमरी फिल्म बैड न्यूज में विक्की कौशल के साथ रोमांस करती नजर आईं। अब एक बार फिर तृप्ति बॉलीवुड के चॉकलेटी बॉय के साथ रोमांस करती नजर आएंगी।अभिनेत्री तृप्ति डिमरी बॉलीवुड के चॉकलेटी बॉय कहे जाने वाले शाहिद कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह नई जोड़ी विशाल भारद्वाज की एक्शन फिल्म अर्जुन उस्त्र में नजर आएगी। तृप्ति ने फिल्म साइन कर ली है। जानकारी के मुताबिक फिल्म अर्जुन उस्त्र का प्री-प्रोडक्शन शुरू हो चुका है और फिल्म की शूटिंग 6 जनवरी 2025 से शुरू होगी। इस फिल्म के लिए एक बड़ा स्टूडियो बनाया जाएगा। शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की फिल्म आजादी के बाद के अंडरवर्ल्ड पर आधारित होगी। मेकर्स इस फिल्म की शूटिंग जल्द ही पूरी कर अर्जुन उस्त्र को 2025 में रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। लेकिन इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। इस बीच कुछ दिनों पहले तृप्ति डिमरी अपने कथित बॉयफ्रेंड के साथ मुंबई में बाइक चलाते हुए नजर आईं। कहा जा रहा है कि तृप्ति बिजनेसमैन सैम मर्चेंट को डेट कर रही हैं। सैम बिजनेसमैन हैं और गोवा में उनका एक रेस्टोरेंट है। इससे पहले तृप्ति ने अनुष्का शर्मा के भाई कर्णेश शर्मा को डेट किया था। जब उन्होंने कर्णेश द्वारा निर्मित फिल्म बुलबुल में काम किया था। तब से ही चर्चाएं हैं कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। फिल्म बुलबुल के बाद तृप्ति ने कर्णेश की काला में भी काम किया था। उसके बाद दोनों को लगातार कई पार्टियों में देखा गया। इतना ही नहीं दोनों की रोमांटिक तस्वीरें भी वायरल हुईं।



# बिग बॉस 18 : दिग्विजय राठी का सपोर्ट में उतरीं दिखीं उर्फी जावेद

सलमान खान का फेमस कंट्रोवर्शियल शो  लगातार सुर्खियों में बना हुआ है. शो में करणवीर मेहरा और दिग्विजय राठी की दोस्ती लोगों को काफी पसंद आ रही है तो वहीं शो में अविनाश मिश्रा और विवियन डीसेना का गेम प्लान को दर्शकों को काफी एंटरटेन कर रहा है. बीते एपिसोड में बिग बॉस में घरवालों के बीच जबरदस्त झगड़ा हुआ. इस दौरान ईशा सिंह और दिग्विजय राठी की बहस के बीच सारा अरफीन और रजत दलाल कूद पड़े. बाद में रजत और अविनाश ने गुस्से में दिग्विजय राठी के साथ हाथापाई कर दी, जिसके बाद फराह खान से लेकर दर्शकों का गुस्सा भी रजत दलाल पर फूटा. अब इसी बीच दिग्विजय के सपोर्ट में फैशन क्वीन उर्फी जावेद उतर आई हैं. एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरोजी पर बताया कि बिग बॉस हाउस में दिग्विजय को बहुत यादा टारगेट किया जाता है.उर्फी जावेद ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर बिग बॉस 18 का एक वीडियो पोस्ट किया है. इस वीडियो में दिग्विजय राठी फेमस जर्नलिस्ट श्वेता सिंह से बात करते नजर आ रहे हैं. इस वीडियो को शेयर करते हुए उर्फी ने लिखा, इस सीजन का सबसे यादा टारगेटिड कंटेस्टेंट है दिग्विजय राठी. हम सब आपको बहुत प्यार करते हैं और आप पर गर्व भी करते हैं. बता दें कि दिग्विजय राठी ने कशिश कपूर के साथ बिग बॉस 18 में वाइल्डकार्ड बनकर एंट्री मारी थी. शो में सबसे पहले उनके दोस्त रजत दलाल और श्रुतिका बने थे. लेकिन अब श्रुतिका और रजत इन दोनों ही कंटेस्टेंट्स से दिग्विजय राठी की लड़ाई हो गई है. हालांकि अब करणवीर मेहरा दिग्विजय राठी के अछे दोस्त बन गए हैं.बता दें कि इस हफ्ते वीकेंड का वार में सलमान खान की जगह फराह खान घरवालों की क्लास लगाती दिखेंगी. वह वीकेंड का वार पर सभी घरवालों को सच का आईना दिखाएंगी, हाल ही में शो का नया प्रोमो वीडियो सामने आया है।

# आकांक्षा पुरी से ईशानी घोष तक, भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में छा गए ये 5 नए चेहरे





भोजपुरी फिल्में भले ही थिएटर में अपना कमाल नहीं दिखा पा रही हैं, लेकिन डिजिटल दुनिया में उनके म्यूजिक वीडियो को बहुत प्यार मिल रहा है. भोजपुरी फिल्में भी यूट्यूब पर खूब धमाल मचा रही हैं. यही वजह है कि साल 2024 में कई नई एक्ट्रेसेस ने इस इंडस्ट्री में एंट्री की है.

भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के कलाकार डिजिटल दुनिया में खूब धूम मचा रहे हैं. साल 2024 में इस इंडस्ट्री में कई नए चेहरों ने एंट्री की. इन एक्ट्रेसेस में से कुछ एक्ट्रेस ने एक्टिंग में अपना डेब्यू किया, तो कुछ ने हिंदी और बाकी रीजनल इंडस्ट्री से इस इंडस्ट्री में कदम रखा

आकांक्षा पुरी ने बॉलीवुड और टीवी में अपना कमाल दिखाया है, लेकिन भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव के साथ उनकी जोड़ी को बहुत पसंद किया जा रहा है. उन्होंने खेसारी के साथ म्यूजिक वीडियो किया है, जो सोशल मीडिया पर खूब धमाल मचा रहा है.

22 अक्टूबर को भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के पावर स्टार पवन सिंह का अपना राजा जी म्यूजिक वीडियो रिलीज हुआ. इस म्यूजिक वीडियो में ईशानी घोष नजर आईं. जल्द ही भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के इस पावर स्टार के साथ ईशानी मोहरा फिल्म में नजर आने वाली हैं.

बोल राधा बोल, संघर्ष 2, फरिश्ता, राउडी इंस्पेक्टर जैसी हिट फिल्मों से भोजपुरी इंडस्ट्री में एक्ट्रेस मेघाश्री ने अपना जलवा बिखेरा है. भोजपुरी फिल्मों में काम करने से पहले वो साउथ फिल्म इंडस्ट्री में एक्टिव थीं.

बंगाली फिल्म इंडस्ट्री में अपना कमाल दिखाने के बाद एक्ट्रेस स्नेहा ने भोजपुरी फिल्मों में एंट्री की है. साल 2024 में स्नेहा के कई म्यूजिक वीडियो हिट हुए हैं. अपनी एक्टिंग के साथ-साथ स्नेहा अपनी डांसिंग के लिए भी जानी जाती हैं.भोजपुरी एक्ट्रेस प्रीती पासवान ने अपने डांस से सिर्फ बिहार को ही नहीं पूरे देश को अपना दीवाना बना दिया है. अरविंद अकेला कल्लू के साथ उनकी जोड़ी को लोग बहुत पसंद करते हैं।



# राधिका मदान ने ताजमहल की अपनी यात्रा से सुंदर तस्वीरें साझा कीं

अभिनेत्री राधिका मदान की नवीनतम इंस्टाग्राम पोस्ट में प्रतिष्ठित ताजमहल की उनकी हालिया यात्रा की तस्वीरें दिखाई गई हैं। एक तस्वीर में, राधिका को ऐतिहासिक स्मारक की सुंदरता को निहारते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया, 卐ऐसा इश्क..卐 इस बीच, काम के मोर्चे पर, राधिका हाल ही में एक संगीत वीडियो %साहिबा% में देखी गई थीं, जिसमें विजय देवरकोंडा भी थे। वीडियो में दुलकर सलमान और जसलीन रॉयल भी नजर आ रहे हैं, जिन्होंने हिट गाने हीरिए में साथ काम किया था।卐 साहिबा में राधिका ने अपने डांस परफॉर्मेंस से प्रभावित किया है, जिसमें उन्होंने विजय के किरदार के प्रति अपने किरदार के गहरे प्यार को दर्शाया है। आने वाले महीनों में राधिका दिग्गज स्टार अनिल कपूर के साथ एक्शन ड्रामा %सूबेदार% में नजर आएंगी। %सूबेदार% में राधिका ने अनिल कपूर के किरदार सूबेदार अर्जुन मौर्य की बेटी श्यामा की भूमिका निभाई है। इससे पहले अनिल कपूर ने सेट से एक तस्वीर शेयर की थी। अनिल ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फैन्स के लिए अपनी एक एक्शन से भरपूर तस्वीर शेयर की थी।



%अनिल एक्शन सीक्वेंस करते हुए काफी इंटेंस लग रहे हैं। फोटो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, %अभी तो हाथ उठा ही कहां है, ये तो बस तैयारी है। ससूबेदार की तैयारी शुरू।卐 इस फिल्म का निर्देशन सुरेश त्रिवेणी ने किया है, जिन्होंने इससे पहले टी-सीरीज की कॉमेडी-ड्रामा %तुम्हारी सुलु% (2017) और %जलसा% का निर्देशन किया था, दोनों ही फिल्मों में विद्या बालन मुख्य भूमिका में थीं। विक्रम मल्होत्रा, सुरेश त्रिवेणी और अनिल कपूर इस फिल्म के निर्माता हैं। 卐एड्रेनालाईन से भरपूर एक्शन ड्रामा में, सूबेदार अर्जुन सिंह नागरिक जीवन, अपनी बेटी के साथजिस व्यक्ति ने कभी देश के लिए लड़ाई लड़ी थी, उसे अब अपने घर और परिवार की रक्षा के लिए दुश्मनों से लड़ना होगा,卐 परियोजना के आधिकारिक सारांश में लिखा है। %सूबेदार% ओपनिंग इमेज फिल्म्स और अनिल कपूर फिल्म एंड कम्युनिकेशन नेटवर्क (ऋस्नष्टह्) द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित है, जिसके निर्माता विक्रम मल्होत्रा, अनिल कपूर और सुरेश त्रिवेणी हैं।



# पुष्पा 2 ने दो दिनों में कमाए 400 करोड़ रुपये टूटे सभी रिकॉर्ड्स

अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की फिल्म %पुष्पा 2% लगातार बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही है. सुकुमार के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रश्मिका मंदाना अल्लू अर्जुन के अपोजिट दिख रही हैं. इस फिल्म को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पांस मिल रहा है. ओपनिंग डे पर ही %पुष्पा 2% भारत की सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्म बन गई. इस फिल्म ने एसएस राजामौली की %आरआरआर% का रिकॉर्ड तोड़ते हुए 282.91 करोड़ रुपये की कमाई की थी. वहीं अब सबकी निगाहें फिल्म के दूसरे दिन की कलेक्शन पर टिकी है. बॉलीवुडलाइफ की इस रिपोर्ट में जानें %पुष्पा 2% ने दूसरे दिन दुनियाभर में कितना कलेक्शन किया है.ट्रेड एनालिस्ट मनोबाला के मुताबिक %पुष्पा 2% ने दूसरे दिन भी बॉक्स ऑफिस पर धांसू कमाई की है. इस फिल्म ने पहले दिन जहां वर्ल्डवाइड स्तर पर 282.91 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था तो वहीं दूसरे दिन सुकुमार के निर्देशन में बनी इस मूवी ने 134.63 करोड़ रुपये की कमाई की. इस हिसाब से फिल्म ने केवल दो दिनों में ही 417.54 करोड़ रुपये की कमाई की है, जो एक बड़ा रिकॉर्ड है. बता दें कि %पुष्पा 2% ने जूनियर एनटीआर और राम चरण की %आरआरआर% के साथ ही शाहरुख खान की फिल्म %जवान% का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है. बता दें कि %आरआरआर% फिल्म ने ओपनिंग डे पर 223 करोड़ रुपये की कमाई की थीबता दें कि अल्लू अर्जुन की फिल्म %पुष्पा% साल 2021 में रिलीज हुई थी. इस मूवी में लाल चंदन की तस्करी को दिखाया गया तो वहीं फिल्म का अल्लू अर्जुन का कैरेक्टर बेहद ही जबरदस्त था. इस मूवी ने कमाई के सारे रिकॉर्ड्स तोड़ दिए थे. वहीं अब तीन साल बाद %पुष्पा 2% रिलीज हुई है, जिसे देखने के लिए दर्शकों के बीच जबरदस्त एक्साइटमेंट देखने को मिल रही है. इस फिल्म ने जवान, केजीएफ, कल्कि 2898एडी के साथ ही आरआरआर का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है. ऐसी ही एंटरटेनमेंट (श्वठ्ठह्लद्गह्म्ह्लड्डद्बठ्ठद्गठ्ठह् हद्ग2ह्य) की लेटेस्ट खबरों के लिए बॉलीवुडलाइफ के साथ बने रहिए।

# सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ एडवोकेट रीना एन.सिंह बनीं विश्व हिन्दू महासंघ के मातृशक्ति प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष

♦भारत टाइम्स♦

**(शीतल निर्भीक)नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ एडवोकेट रीना एन. सिंह को विश्व हिन्दू महासंघ के मातृशक्ति प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह जिम्मेदारी उन्हें एक भव्य समारोह में सौंपी गई, जिसमें महासंघ के महंत सुरेंद्रनाथ अवधूत ने उनकी नियुक्ति की घोषणा की। यह महासंघ पूज्य ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ जी द्वारा स्थापित संगठन है, जिसका उद्देश्य सनातन धर्म की रक्षा और सामाजिक जागरूकता का प्रसार करना है। विश्व हिन्दू महासंघ ने महिलाओं की भागीदारी को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से यह फैसला लिया। योगी आदित्यनाथ, जो सन् 2017 में मुख्यमंत्री बनने से पहले इस महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर थे,वें अपने कार्यकाल में इस संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। अपनी कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण से उन्होंने महासंघ को मजबूत आधार प्रदान किया। मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने यह जिम्मेदारी अपने गुरु भाई महंत सुरेंद्रनाथ अवधूत को सौंपी, जो आज भी इस गरिमामयी पद पर रहते हुए अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभा रहे हैं। रीना एन. सिंह, जो सुप्रीम कोर्ट में अपनी दक्षता और समर्पण के लिए जानी जाती हैं, ने इस नियुक्ति को अपने




जीवन का एक महत्वपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने कहा, ह्लधर्म की रक्षा का यह दायित्व मेरे लिए गर्व का विषय है। मैं गोरखनाथ मंदिर और महासंघ के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करती हूं और यह वादा करती हूं कि धर्म और मातृशक्ति के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास करूंगी। उन्होंने अपने गुरुओं और मार्गदर्शकों के प्रति आभार जताते हुए इसे धर्म और समाज की सेवा का एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। उन्होंने अपने संकल्प में कहा कि मातृशक्ति को सशक्त बनाकर वे धर्म के प्रति समर्पण और अनुशासन को बढ़ावा देंगी। महासंघ के उद्देश्य और भूमिका पर बात करते हुए, उन्होंने बताया कि संगठन का लक्ष्य न केवल धर्म की रक्षा करना है, बल्कि महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करना भी है। यह संगठन धर्म, संस्कृति और सामाजिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए काम करता है। इसके साथ ही, यह सनातन धर्म के अनुयायियों के बीच जागरूकता फैलाने और महिलाओं की सशक्त भूमिका को स्थापित करने में भी जुटा हुआ है। कार्यक्रम में महासंघ विधि प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास प्रासर और राष्ट्रीय महामंत्री योगी राज कुमार नाथ भी उपस्थित रहे। इनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। साथ ही, सैकड़ों की संख्या में उपस्थित मातृशक्ति ने इस अवसर पर अपनी सहभागिता से समारोह को विशेष बनाया। महंत सुरेंद्रनाथ अवधूत, जो प्रसिद्ध कालिका मंदिर के पीठाधीश्वर भी हैं, ने इस नियुक्ति को महासंघ के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि रीना एन. सिंह के नेतृत्व में मातृशक्ति प्रकोष्ठ अपनी जिम्मेदारियों को बेहतर तरीके से निभाएगा और धर्म के प्रति महिलाओं की भागीदारी को और मजबूत करेगा। रीना एन. सिंह की नियुक्ति न केवल एक पद है, बल्कि यह महिलाओं के लिए एक प्रेरणा है। उनकी नियुक्ति से संगठन को धर्म रक्षा के कार्यों में नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने अपने संबोधन में धर्म, मातृशक्ति और समाज के प्रति अपनी निष्ठा और प्रतिबद्धता को दोहराया। इस अवसर पर महासंघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि रीना एन. सिंह जैसी सशक्त महिला का नेतृत्व संगठन को नई दिशा देगा। महासंघ की स्थापना से लेकर अब तक संगठन ने हमेशा समाज और धर्म के उत्थान के लिए काम किया है, और यह नियुक्ति इसी दिशा में एक और कदम है। विश्व हिन्दू महासंघ के इस नए अध्याय के साथ रीना एन. सिंह का नेतृत्व महिलाओं को धर्म और समाज की सेवा के लिए प्रेरित करेगा। यह कदम मातृशक्ति की भूमिका को न केवल पहचान देगा, बल्कि उसे और अधिक प्रभावशाली बनाएगा। उन्होंने सभी से अपील की कि वे धर्म और समाज की सेवा में अपना योगदान दें, ताकि महासंघ के उद्देश्यों को साकार किया जा सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि उनके नेतृत्व में महासंघ ने जो ऊंचाइयां छुईं, वे आज भी संगठन के लिए मार्गदर्शक हैं। योगी जी की दूरदर्शिता और समर्पण ने महासंघ को एक मजबूत आधार प्रदान किया है, जो उनके गुरु अवैद्यनाथ जी की परंपरा को जीवित रखता है।

# स्वच्छता रथ को झंडी दिखाकर उपमुख्यमंत्री व विधायक ने किया रवाना

## स्वच्छ और स्वस्थ समाज के निर्माण में यह प्रयास एक महत्वपूर्ण कदम




♦भारत टाइम्स♦

**दुर्ग/परस साहू ।** सोमवार को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा,दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर, दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव साजा विधायक ईश्वर ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता रथ को इंद्रा मार्केट से झंडी दिखाकर रवाना किया गया। स्वच्छता रथ माध्यम से शहर के विभिन्न क्षेत्रों, वार्डो में भ्रमण कर प्लास्टिक और कचरा मुक्त बनाने के साथ-साथ स्वच्छता का संदेश दिया जाएगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और ₹स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत₹ के संकल्प को साकार करना है। रथ के माध्यम से लोगों को सफाई, कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया जाएगा। स्वच्छ और स्वस्थ समाज के निर्माण में यह प्रयास एक महत्वपूर्ण कदम है। जिले में स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थीम के तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2024 तक चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और अभियान में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। इसके तहत जिला, जनपद और ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिले में विभिन्न स्वच्छता उपचार इकाइयों का चयन कर श्रमदान के माध्यम से नियमित सफाई की जा रही है। ग्रामीणों ने अपने गांवों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया है जिसके तहत शासकीय परिसरों में एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर जिल भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, जिला महामंत्री सुरेंद्र कौशिक जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र पाध्याय जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू, भास्कर तिवारी आशीष निमजे अलका बाघमार पिंटू वर्मा बड़ी संख्या भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रवासी सैणचा भगत परिवार कर्नाटक होसूर की आम सभा आयोजित

♦भारत टाइम्स♦

**बेंगलूरू।** सैणचा( भगत ) परिवार कर्नाटक होसूर का दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित करने के उपलक्ष में रविवार को सीरवी समाज बलेपेट वडेर में आम सभा रखी गई। संस्था के अध्यक्ष मोहनलाल सैणचा ने स्वागत किया। संस्था के सचिव वेनाराम सैणचा ने बताया कि कर्नाटक व होसूर में बसे सैणचा (भगत ) परिवारों को एक सूत्र में पिरोने एवं उनमें आपसी परिचय को बढ़ाने के उद्देश्य से स्नेह मिलन आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि स्नेह मिलन में सभी वर्ग के बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता व मनोरंजन खेल का आयोजन भी होगा। कक्षा 7 वीं से लेकर 12 वीं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले प्रतिभाओं का मोमेंटो द्वारा सम्मान किया जाएगा। बैठक में 7 सदस्यों कि कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमें



अमराराम सैणचा, जेठाराम सैणचा, थानाराम सैणचा, सुरेश सैणचा, शेषाराम सैणचा, उमाराम सैणचा, पारसमल सैणचा को चुना गया। कोषाध्यक्ष वचनाराम सैणचा ने लेखा जोखा प्रस्तुत किया। सभा में भामाशाओं ने बोलीयां भी बोली गई। स्नेह मिलन सामोरह में बोली लेने वाले वाले भामाशाओं का सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर उमेद राम सैणचा, लुम्बाराम सैणचा होसूर, नेमाराम सैणचा नलमंगला, टी रमेश सैणचा, जिवाराम सैणचा, चेनाराम सैणचा, महेंद्र सैणचा, भंवरलाल सैणचा सहित सैणचा भगत परिवार के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# ख्वाजा साहब एक दरख्त है और इनकी जड़ें विश्व भर में फैली हुई है-निसार अहमद

## समस्त धर्म जाति के लिए एक आस्था का बड़ा केंद्र है

**(हरिप्रसाद शर्मा) अजमेर।** देशभर में अजमेर दरगाह मंदिर दावा मामले को लेकर जबरदस्त बहस और सियासत देखी जा रही है। हिन्दू मुस्लिम आस्था और संविधान को लेकर नए नए बयान सामने आ रहे है। ऐसे में अब कर्नाटक तुमकुर सिटी से इंडियन मूवमेंट पार्टी के नेता निसार अहमद ने बयान दे दिया है। निसार अहमद ने हजरत ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में मंदिर बताने वाले हिन्दू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता को नादान बताते हुए कहा कि ख्वाजा साहब एक दरख्त है और इनकी जड़ें विश्व भर में फैली हुई है। ऐसे में अगर कोई इनको हाथ लगाने की बात तो दूर, इन पर निगाहे भी उठाएंगा तो गिर जाएंगा और खत्म हो जाएंगा। ख्वाजा साहब की दरगाह को लेकर इनकी तरफ से विवादित आवाज उठाना अब ये दशार्ता है कि देश के विवादित सब ही मसले



ख्वाजा साहब के करम से जल्द खत्म हो जाएंगे। क्योंकि इन्होंने अब ख्वाजा साहब की तरफ निगाह डाली है जो कि समस्त धर्म जाति के लिए एक आस्था का बड़ा केंद्र है। ख्वाजा साहब की दरगाह कौमी एकता की दुनिया मे एक बड़ी मिसाल है। भारत सरकार को इसमें दखल देना चाहिए और विष्णु गुप्ता जैसे नादानों को रोकना चाहिए, वरना इन जैसे नादान लोग ख्वाजा साहब की निगाहों से ही खत्म हो जाएंगे। अजमेर दरगाह एक ऐसा धार्मिक स्थल है, जहां राजा रजवाड़ा, मुगल बादशाहों और मराठों ने अपना मत्था टेका और ख्वाजा साहब का आशीर्वाद लिए।

# युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मितेंद्र दर्शन सिंह का आज पहुंचे झाबुआ

## अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष ने युवाओं में भरा जोश

♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी झाबुआ।** झाबुआ शिव वाटिका में जिले के युवा कांग्रेस साथियों को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मितेंद्र दर्शन सिंह ने कहा के मध्य प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने चुनाव के समय जनता से जो वादे किए थे उन वादों को अभी तक पुरा नही किया और महंगाई भ्रष्टाचार मध्य प्रदेश में चरम सीमा पर है अब युवाओं को कमर कसना चाहिए ! इस दौरान थांदला विधायक वीरसिंह भूरिया जिला पंचायत अध्यक्ष सोनल जसवंत भाबर, कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रकाश रांका, पूर्व विधायक वालसिंह मेड़ा, युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश डामोर, अरुण ओहारी, अन्नसिंग वसुनिया, हेमेंद्र कटारा, ऋषि डोडियार, प्रकाश परमार, हरीश पंचाल, पंकज डोडियार आयुष ओहरी, लोकेंद्र बिलवाल, लाखन डामोर, रोशन बारिया, वीरेंद्र बारिया, संतु वसुनिया, अविनाश मुणीया, अखील जैन, नंदकिशोर बामनिया, किल्लू भूरिया, अनिल डामोर, दरिया सिंगाड आदी युवाओं की हजारों की भिड़ को संबोधित किया एव युवाओ में जोश भर होशंगाबाद के लिए रवाना हुए।



# पारंपरिक कत्थक तीन ताल एवम समापन देवी स्तुति से किया

♦भारत टाइम्स♦

**वाराणसी।** जिला प्रशासन की अभिनव पहल पर सोमवार को सुबह ए बनारस के अंतर्गत घाट संध्या कार्यक्रम में युवा कलाकार सौम्या गुप्ता एवं अदिति बसाक ने कथक नृत्य का शुभारंभ गणेश वंदना, पारंपरिक कत्थक तीन ताल एवम समापन देवी स्तुति से किया कलाकारों ने पद, लय, ताल एवं नूपुर की झंकार के माध्यम से दर्शकों के



ह्दय को मंत्र मुग्ध किया।कलाकारों को प्रमाण पत्र बालेश्वर तिवारी ने प्रदान किया।प्रमाण पत्र प्रदान करने के साथ उनकी संगीत साधना की भी प्रशंसा की। घाट संध्या कार्यक्रम का संयोजन सुबह ए बनारस के सचिव एवं संस्थापक डॉ रत्नेश वर्मा ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सीमा केसरी ने किया। इस अवसर पर भारी संख्या में दर्शक गण उपस्थित रहे।

# एआईएमआईएम के जिला महासचिव बने एहसान अख्तर खान

♦भारत टाइम्स♦

**गया।** गया जिले के एहसान अख्तर खान बने जिला महासचिव इसके पूर्व में एहसान अख्तर जिला सचिव के पद पर कार्यंत थे वहीं उन्होंने बताया मैं एआईएमआईएम के एक सिपाही रहा हूं और कई वर्षों से इस पार्टी को मजबूत करने में मैने एक अहम भूमिका निभाई है इसी को देखते हुए पार्टी के लोगों में मुझे जिला महासचिव के पद दिया गया है वही एहसान अख्तर खान ने कहा पार्टी को मजबूत करने के लिए अपने पदाधिकारीयों से एवं समर्थकों से कदम से कदम मिलाकर तथा बड़े फैसले सूझबूझ का साथ देते हैं। वही पार्टी के लोगों ने कहा एहसान अख्तर खान को इनाम के रूप में एक पायदान दी गई है।



# लीगल वॉलिंटियर्स का एक दिवसीय प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी झाबुआ।** झाबुआ जिविसेप्रा की अध्यक्ष श्रीमती विधि सक्सेना प्रधान जिला न्यायाधीश झाबुआ के संरक्षण में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झाबुआ में पैरा लीगल वॉलिंटियर्स का एक दिवसीय प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झाबुआ की अध्यक्ष श्रीमती विधि सक्सेना प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश झाबुआ के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती विधि सक्सेना द्वारा देवी सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में नवीन चिन्हित पीएलवीगण को विभिन्न कानूनी विषयों पर बुनियादी प्रशिक्षण जिला न्यायालय झाबुआ में पदस्थ न्यायाधीशगण द्वारा प्रदान किया गया। विधि सक्सेना, द्वारा उपस्थित सभी पीएलव्हीगण को यह संदेश दिया गया कि पैरा लीगल वालंटियर अर्थात पीएलवी समाज के वंचित वर्गों तक कानूनी सेवाएं पहुंचाने के माध्यम हैं। वे समाज के वंचित और हांसिए पर पड़े लोग, जिन्हें कानूनी मदद की आवश्यकता हो, उन तक कानूनी सेवाएं पहुंचाकर न्याय प्राप्त करने के लिए सेतु का कार्य करेंगे। किसी भी कानूनी मदद की दशा में दिव्यांगजन नालसा हेल्पलाइन 1500 पर संपर्क कर सकते हैं। उक्त कार्यक्रम का संचालन सागर अग्रवाल जिला विधिक सहायता अधिकारी के द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिविसेप्रा की ओर से गिलदारसिंह चौहान, दिनेश हिहोर, प्रताप सिंह डामोर, श्रीमती शांती मचार, मोहनसिंह कटारा, उमेश खपेड़ व संजय उपस्थित रहे।



# नारायणपुर में गीता वितरण मैराथन और संकीर्तन का आयोजन

♦भारत टाइम्स♦

**नारायणपुर छत्तीसगढ़ (गोलू मरकाम )।** संयोजकः इस्कॉन रायपुर नारायणपुर, छत्तीसगढ़ में इस्कॉन रायपुर के तत्वावधान में गीता वितरण मैराथन और संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य श्रीमद्भगवद गीता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना और सामूहिक संकीर्तन के माध्यम से लोगों को भक्ति और आध्यात्मिकता से जोड़ना था। मैराथन के दौरान, इस्कॉन के ब्रह्मचारी श्रीमान भक्त वत्सल दास, चंदा कुमार ,योगेश्वर कृष्ण दास, सचिपुत्र, हिरण्य गर्भ दास, माधव चरण, आशुतोष कृष्ण, जय गौर हरि, और सुमधुर कृष्ण दास सहित अन्य भक्तों ने गीता का वितरण किया। इन भक्तों ने न केवल गीता का वितरण किया, बल्कि लोगों को इसके महत्व और जीवन में इसके उपयोग के बारे में जागरूक भी



किया। हरिनाम संकीर्तन ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण में बदल दिया। गीता वितरण और संकीर्तन के माध्यम से इस्कॉन रायपुर ने समाज में आध्यात्मिक जागरूकता फैलाने का एक और सराहनीय कदम उठाया है। संदेश- इस कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि भगवद गीता न केवल एक धार्मिक ग्रंथ है, बल्कि मानव जीवन को दिशा देने वाला दिव्य उपदेश है।

# प्रभारी कलेक्टर द्वारा समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक ली गयी

♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी झाबुआ।** प्रभारी कलेक्टर श्री प्रखर सिंह की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। प्रभारी कलेक्टर श्री प्रखर सिंह द्वारा सीएम हेल्पलाइन एवं समाधान ऑनलाइन की शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की गई। प्रभारी कलेक्टर द्वारा 50 दिवस से अधिक शिकायतों के निराकरण का वैटेज स्कोर 10% से कम होने पर जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, स्कूली शिक्षा विभाग और नगरीय विकास एवं आवास विभाग को जल्द से शिकायत निवारण कर 10% स्कोर को अगले सप्ताह तक अचीव करने हेतु निर्देशित किया। सामाधान ऑनलाइन के सम्बन्धित एट्रीब्यूट्स में आने वाली शिकायतो के निवारण किये



जाने हेतु निर्देशित किया गया। माही नहर में बिजली उपलब्धता के लिए अलग से बनायी जा रही डेडीकेटेड लेन के निर्माण में देरी करने वाले ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने हेतु निर्देशित किया। प्रभारी कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के (11 दिसम्बर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक) अन्तर्गत 34 सेवाओं, 11 लक्ष्यो एवं 63 सेवाओं के तहत 100% सैचुरेशन किया जाना है। उन्होंने कहा कि अभियान का पूरी प्लानिंग के साथ प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए, रोस्टर एवं शेड्यूल के अनुसार शिविर आयोजन किये जाये एवं प्रत्येक शिविर स्थल पर स्वास्थ्य व आयुष विभाग के स्टॉल एवं आयुष्मान कार्ड बनाये जाये। प्रभारी कलेक्टर द्वारा 11 लक्ष्य आधारित योजनाओं के तहत पशुपालन विभाग एवं मस्त्य विभाग के तहत बनने वाले किसान क्रेडिट कार्डो की लक्ष्य पूर्ति किये जाने, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना का पूर्ण सैचुरेशन किये जाने, श्रमिकों के पंजीयन में निर्माण कार्यो सम्बन्धी विभागों में कार्यरत श्रमिकों का सर्वे कर पंजीयन किये जाने, मण्डी में कार्यरत तलावटी एवं हम्मालों का प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना मे सैचुरेशन कर श्रमिक पंजीयन एवं आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु निर्देशित किया साथ ही लर्निंग लाइसेंस बनाये जाने हेतु स्कूलो एवं कालेजों में कैम्प लगाये जाने हेतु नगरीय क्षेत्र में भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र, नो ड्यूज एवं फॉयर एनओसी को जनकल्याण अभियान के तहत पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेन्द्रसिंह चौहान, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पेटलावद सुश्री तनुश्री मीणा, संयुक्त कलेक्टर अक्षयसिंह मरकाम, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व थांदला तरुण जैन, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मेघनगर मुकेश सोनी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व झाबुआ भास्कर गाछ्ले, समस्त जिला अधिकारी, समस्त तहसीलदार, समस्त सीएमओ एवं सीईओ उपस्थित रहे।

# तनाव और अवसाद मन के रोग, इनका उपचार केवल गीता में : गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद

♦भारत टाइम्स♦

**हरियाणा/हिसार (गरिमा)।** गीता ज्ञान संस्थानम् में श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार द्वारा आयोजित दिव्य गीता सत्संग के अंतिम सत्र में प्रवचन करते हुए गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि तनाव व अवसाद मन के रोग है और इनका उपचार केवल सत्संग और भगवान का नाम जपने से हो सकता है। पवित्र ग्रंथ गीता को जीने से ही तनाव और अवसाद से मुक्ति पाई जा सकती हैं। औषधी से तन का इलाज तो हो सकता है, लेकिन मन का इलाज नहीं हो सकता।




अर्जुन को जब अवसाद हो गया था तब उस समय भगवान श्री कृष्ण ने गीता का उपदेश देकर उसके अवसाद को दूर किया। गीता उपदेश सुनने के पश्चात ही अर्जुन को अपने कर्तव्य का बोध हुआ। सत्संग के अंतिम सत्र का शुभारंभ हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने दीप प्रज्जवलित करके किया। गीता जी की आरती में हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी तथा थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा ने भाग लिया और गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद तथा मंचासीन संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

सत्संग में स्वामी धर्मदेव, स्वामी ईश्वर दास, स्वामी प्रकाशानंद, स्वामी चेतन आनंद तथा अयोध्या से आए संत कमलनयन दास ने भी अपने प्रवचन दिए। गीता मनीषी ने कहा कि गीता सभी की है और सभी के लिए है। भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन के अंदर की मानसिकता सुधारने के लिए गीता का उपदेश दिया। पवित्र ग्रंथ गीता समस्त विश्व का अलौकिक ग्रंथ है। इसमें जीवन जीने के नए-नए सूत्र बताए गए है। भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को नियमित्त बनाकर विश्व को गीता का उपहार दिया। गीता भीतर के अवसाद को निकालकर मन को मजबूत बनाती है। क्रोध को सबसे बड़ा दुश्मन बताते हुए गीता मनीषी ने बताया कि सभी विवादों के मूल में क्रोध है, इसलिए व्यक्ति को क्रोध में नहीं आना चाहिए। क्रोध का परिणाम अच्छा नहीं होता। गाय, गंगा और गीता पर बोलते हुए गीता मनीषी ने कहा कि गाय में सभी देवताओं का वास होता है और गंगा भगवान के चरणों से निकला हुआ अमृत है। गीता जीवन का आधार है और मां जैसा वात्सल्य गीता देती है। सनातन धर्म की दिव्यता पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सनातन धर्म दुनिया का सबसे अलौकिक और प्राचीनतम धर्म है, जो कि सृष्टि के उत्पन्न होने से चला आ रहा है। गीता मनीषी ने कहा कि जहां पाने की लालसा होती है, वहां मोह होता है और जहां देने की प्रवृत्ति होती है, वहां प्रेम होता है। गीता प्रेम करना सिखाती है। गीता प्रेम का गीत है, जो कि कर्तव्यपरायणता की प्रेरणा देती है।

## धार्मिक सजा भुगतने के लिए तख्त दमदमा साहिब पहुंचे सुखबीर सिंह बादल



♦भारत टाइम्स♦

**तलवंडी साबो। अशोक कुमार।** बेअदबी, बरगाड़ी गोलीकांड और डेरा सिरसा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को माफी दिलवाने समेत तमाम मामलों में श्री अकाल तख्त साहिब पर जाकर अपनी भूल स्वीकार करने और सिंह साहिबानों के द्वारा सुनाई गई धार्मिक सजा को पूरा करने के लिए शिरोमणि अकाली दल के पूर्व अध्यक्ष और पंजाब के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल तख्त श्री दमदमा साहिब पहुंचे और उन्होंने तख्त श्री दमदमा साहिब के प्रवेश द्वार पर हाथ में बरछा लेकर सेवादार के रूप में सेवा संभाली।इसके इलावा पुलिस प्रशासन के द्वारा श्री अमृतसर साहिब में सुखबीर बादल पर हुए जानलेवा हमले के मद्देनजर उनकी सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए और बड़ी संख्या में पुलिस के जवान तैनात रहे।उधर सुखबीर सिंह बादल के तख्त साहिब पर आने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में शिरोमणि अकाली दल के कार्यकर्ता भी तख्त साहिब पर पहुंचे। कैप्शन.तख्त श्री दमदमा साहिब पर अपनी धार्मिक सजा निभाते सुखबीर सिंह बादल।

## भोपाल कलेक्टर ने सस्पेंड किए 3 पटवारी:तीनों पर निजी ऑफिस से काम करने, घूस लेने का आरोप

**भोपाल।** कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने भोपाल के 3 पटवारियों को सस्पेंड कर दिया है। एडीएम सिद्धार्थ जैन को जांच कर रिपोर्ट सौंपने को कहा है। इन पटवारियों ने अपनी निजी दुकानें खोल ली थी। वे घूस लेते हुए कैमरे में कैद हो गए थे। जिन पटवारियों पर कार्रवाई हुई है, उनमें किशोर दांगी, पवन शुक्ला और निधि नेमा शामिल हैं। एडीएम जैन को मामले की जांच कर प्रतिवेदन देने को कहा है। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।



### यहां पदस्थ हैं तीनों पटवारी

किशोर दांगी, पटवारी बीनापुर। इन्होंने करौंद में पीपल चौराहा के पास निजी ऑफिस खोल रखा है। पवन शुक्ला, पटवारी पुरा छिंदवाड़ा। इनका ऑफिस गोल मार्केट संजीव नगर में है। निधि नेमा, नीलबड़ भौंरी की पटवारी हैं। जिनका ऑफिस चौबदारपुरा तलैया में है।

### तहसील में काम नहीं करते, निजी ऑफिस खोले

जमीन, फ्लैट और मकान सहित अन्य प्रॉपर्टी के सीमांकन, नामांतरण और बंटवारा क्या किसी भी आम जन का काम बिना पैसे के हुआ है? सीएम डॉ. मोहन यादव ने क्यों कहा कि पटवारी कलेक्टर का भी बाप होता है? इसकी पड़ताल में सामने आया कि एक भी काम बिना पैसे के लेन-देन के नहीं हुआ। चौंकाने वाली बात तो यह है कि पटवारियों ने अपने निजी दफ्तर तक खोल लिए हैं।

वे तहसील में काम नहीं करते। बल्कि अपने दफ्तरों में ही सुबह से लेकर शाम तक लोगों के काम करते हैं। यहां रिश्वत की डील फाइनल होते ही फाइल आगे बढ़ा दी जाती है।

# प्रयागराज महाकुम्भ में प्रवाहित होगी वेदों की गंगा, संतों के शिविर में गूंजेगी वेदों की वाणी

- महाकुम्भ क्षेत्र में 20 हजार से अधिक वेद पाठी की ली जाएगी सेवा, महाकुम्भ में अखाड़ों और धमार्चार्यों के शिविर में बढ़ी बटुकों की मांग



♦भारत टाइम्स♦

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ भारतीय संस्कृति का महापर्व है। आध्यात्मिकता के साथ सामाजिकता का भाव समेटे यह आयोजन विभिन्न रूपों में प्रकट होता है जिसका मूलाधार हैं वेद। इन्ही वेदों की वाणी प्रयागराज महाकुंभ में भी गूंजेगी। महाकुम्भ क्षेत्र में संतों के विभिन्न शिविर इसके साक्षी होंगे।

**महाकुम्भ में गूंजेगी वेदों की वाणी-** योगी सरकार जनवरी 2025 में आयोजित होने जा रहे महाकुम्भ को दिव्य और भव्य स्वरूप प्रदान कर रही है। महाकुम्भ क्षेत्र में साधु संतों और अखाड़ों के भव्य शिविर आकार लेने लगे हैं। एक तरफ जहां इन शिविरों को व्यवस्थित स्वरूप देने में मेला प्रशासन लगा हुआ है तो वहीं साधु संत अपने अपने शिविरों को वैदिक संस्कृति के ताने बाने में पिरोने में लगे हैं।

धमार्चार्यों और अखाड़ों के महामण्डलेश्वरों के शिविरों में नियमित रूप से कथा, भागवत और प्रवचन की त्रिवेणी के साथ वेद मंत्रों की गंगा प्रवाहित करने की कवायद चल रही है। वेद विद्यालयों में अध्ययन करने वाले बटुकों की वेद पाठ के लिए अग्रिम व्यवस्था की जा रही है। स्वामी नरोत्तमानंद गिरी वेद विद्यालय झूंसी के प्राचार्य ब्रज मोहन पांडेय का कहना है कि इस आयोजन से भारत की वैदिक संस्कृति को प्रचार प्रसार और नई पीढ़ी को समझने का अवसर मिलेगा।

**अखाड़ों और महा मंडलेश्वरों के शिविर में सबसे अधिक है मांग-** महाकुम्भ के अखाड़ों में सामान्य तौर पर साधक और साधना की विभिन्न क्रियाएं ही श्रद्धालुओं और पर्यटकों को देखने को मिलती हैं। लेकिन इस बार यहां वेदों की ऋचाएं भी गूंजेगी। श्री पंच अग्नि अखाड़े के महा मंडलेश्वर सोमेश्वरानंद ब्रह्मचारी कहते हैं कि वैदिक संस्कृति को विस्तार देने के लिए अखाड़ों में वेद पाठ करने वाले बटुकों को वेद पाठ के लिए आमंत्रित किया जाएगा। महामंडलेश्वरों के शिविर में कथा वाचकों के प्रवचन और भजन कीर्तन चलते रहते हैं जिसमें इस बार वेदों की वाणी को भी अहम जगह मिलेगी। पंचायती अखाड़ा महा निवार्णी के महा मंडलेश्वर स्वामी प्रणवानंद सरस्वती बताते हैं कि उनके शिविर में पांच लाख पञ्चमाक्षर का जाप प्रतिदिन 8 ब्राह्मण करेंगे। वेदों के ऋचाओं का पाठ भी शिविर में होगा।

### आसपास के जनपदों में भी बढ़ी बटुकों की मांग

महाकुम्भ क्षेत्र में वेद का अध्ययन करने वाले 20 हजार से अधिक बटुकों की आवश्यकता होगी । प्रयागराज जनपद में सरकारी वेद पाठ शालाओं की बात करें तो यहां पाठशाला योजना के अंतर्गत पांच वेद विद्यालय और गुरु शिष्य इकाई के रूप में तीन वेद विद्यालय होंगे। इन सभी वेद विद्यालयों को महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड चलाता है। अलोपी बाग स्थित श्री भारती तीर्थ वेद शाला के प्राचार्य हरि ओम द्विवेदी का कहना है कि वेद विद्यालय के बटुकों को महाकुम्भ क्षेत्र में वेद पाठ के लिए बोर्ड से अनुमति लेनी पड़ती है। अनुमति मिल जाने पर उन्हें यह जिम्मेदारी दी जाएगी।

# संगठन पर्व के तहत बूथ अध्यक्षों से 10 मंडलों में रायशुमारी सम्पन्न



♦भारत टाइम्स♦

**उज्जैन/जगदीश परमार।** 2 मंडलों महाराजवाड़ा व ग्रामीण मंडल में मंगलवार को होगी रायशुमारी संगठन पर्व के अंतर्गत उज्जैन नगर में बूथ समिति गठन पूर्ण होने के बाद अब नगर के 12 मंडल अध्यक्षों के लिए रायशुमारी की जा रही है। उसी तारतम्य में नवनिर्वाचित बूथ अध्यक्षों से रायशुमारी की गई । बूथ अध्यक्षों से मंडल अध्यक्ष हेतु अधिकतम तीन तीन नाम मांगे गए जिसे एक पर्ची पर लिखकर मंडल सहयोगी के समक्ष देना था । उक्त प्रक्रिया 10 मंडलों में पूर्ण की गई । शेष दो मंडलों महाराजवाड़ा व ग्रामीण मंडल में मंगलवार को रायशुमारी की जाएगी। मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा के अनुसार नवनिर्वाचित बुथ अध्यक्षों का रायशुमारी के पूर्व सभी मंडलों में स्वागत कर अभिनंदन किया गया और आवश्यक सुझाव दिए गए। इस अवसर पर नगर जिला महानगर के सह निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने कहा कि हमारी पार्टी में लोकतंत्र है और लोकतंत्र के मजबूत आधार के रूप में हमारे बुथ अध्यक्ष हैं जो मंडल अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रहे हैं जो भी बनेगा भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता ही मंडल का अध्यक्ष होगा और हम सबको उसके साथ मिलकर काम करना है और पार्टी को आगे बढ़ाना है । इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष और संगठन पर्व के महाराजवाड़ा के प्रभारी जगदीश पांचाल, दौलतगंज के प्रभारी कमल बैरवा, जीवाजीगंज मण्डल प्रभारी आंनद सिंह खिची, विक्रमादित्य मण्डल मुकेश यादव, सराफा मंडल प्रभारी दिनेश जाटवा, मुखर्जी मंडल प्रभारी संजय ठाकुर, विक्रमादित्य मंडल प्रभारी उमेश सिंह सेंगर, राजाभाऊ महाकाल मंडल में दिलीपसिंह परमार, दीनदयाल में पंकज मिश्रा, माधवनगर प्रभारी सत्यनारायण खोईवाल, केशवनगर प्रभारी राकेश पंड्या ने उज्जैन उत्तर के सभी 6 मंडलों में व दक्षिण के 4 मंडलों में निष्पक्षता के साथ रायशुमारी संपन्न की । इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष अजय तिवारी, नितिन गौर, हेमंत वर्मा, मनीष चौहान, जितेंद्र कुमावत, परेश कुलकर्णी, पर्वतसिंह जाट, राजकुमार बंशीवाल उपस्थित रहे।

# 14 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित करेगी योगी सरकार

**योगी सरकार और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विभिन्न विवादों के सरल समाधान को आयोजित कराई जा रही अदालत...**

♦भारत टाइम्स♦

**लखनऊ।** योगी सरकार और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से प्रदेश के सभी 75 जनपदों में 14 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके जरिए अदालत में दीवानी, फौजदारी एवं राजस्व न्यायालयों में लंबित मुकदमों के साथ-साथ प्री-लिटिगेशन (मुकदमा दायर करने से पूर्व) वैवाहिक विवादों का समाधान भी सुलह-समझौते के माध्यम से कराया जायेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी तरह के शमनीय आपराधिक मामले, बिजली एवं जल के बिल से संबंधित शमनीय दंडवाद, चेक बाउंस से संबंधित धारा-138 एनआई एक्ट व बैंक रिकवरी, राजस्व वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वार और अन्य सिविल वादों का समाधान किया जाएगा।

**यह है लोक अदालत का उद्‌देश्य और लाभ -** योगी सरकार और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का उद् ?देश्य दोनों पक्षों के बीच सौहार्द बनाना है। इससे संबंधित पक्षकारों के समय व धन की बचत होती है। लोक अदालत में निर्णित मुकदमे की अपील किसी अन्य न्यायालय में नहीं की जा सकती है। लोक अदालत के निर्णय को अंतिम माना जाता है। वहीं अदा की गयी कोर्ट फीस पक्षकारों को वापस हो जाती है। लोक अदालत का निर्णय सिविल न्यायालय के निर्णय के समान बाध्यकारी होता है। यातायात संबंधी चालानों को वेबसाइट ५ूर४१३२ॅ.र५ू.ल्लके द्वारा ई-पेमेंट के माध्यम से भुगतान कर घर बैठे ही निस्तारण कराया जा सकता है। ऐसे में प्रदेशवासी किसी भी आलंबित वाद को राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराना चाहते हैं तो वह संबंधित न्यायालय के पीठासीन अधिकारी अथवा जनपद के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय से संपर्क कर वाद को राष्ट्रीय लोक अदालत में नियत करा सकते हैं।

**यह है प्री-लिटिगेशन वैवाहिक विवाद-** प्री-लिटिगेशन वैवाहिक विवाद वह हैं, जो दंपति के मध्य विभिन्न कारणों से उत्पन्न होते हैं। इसके समाधान के लिए पति अथवा पत्नी के द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में विवाद का संक्षिप्त विवरण लिखते हुए प्रार्थना पत्र दिया जायेगा। इसके बाद विपक्षी को नोटिस भेज कर बुलाया जायेगा। पारिवारिक न्यायालय के न्यायाधीश एवं मध्यस्थ अधिवक्ता की पीठ गठित की जायेगी। पीठ के द्वारा दोनों पक्षों की बैठक करवाकर सुलह-समझौते के माध्यम से विवाद का समाधान कराया जायेगा। पीठ के द्वारा पक्षों के मध्य समझौते के आधार पर लोक अदालत में निर्णय पारित किया जायेगा, जो अंतिम माना जायेगा। इससे परिवार टूटने से बच जायेगा एवं पारिवारिक सद्भाव बना रहेगा। उक्त निर्णय के विरुद्ध किसी अन्य न्यायालय में अपील दायर नहीं की जा सकती है।

### मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल हर मंगलवार को जिला पंचायत अध्यक्षों से मिलेंगे

**गांधीनगर।** राज्य की जिला पंचायतों के अध्यक्ष अपने जिलों की विभिन्न समस्याओं के निवारण के लिए मुख्यमंत्री से प्रत्यक्ष मुलाकात कर सकें; इसके लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने उदार दृष्टिकोण अपनाया है। तद्अनुसार मुख्यमत्री श्री भूपेंद्र पटेल अब हर मंगलवार को दोपहर 1.00 से 1.30 बजे के दौरान मुख्यमंत्री कार्यालय में जिला पंचायतों के अध्यक्षों से मुलाकात के लिए उपलब्ध रहेंगे।

# सीएम योगी की सामूहिक विवाह योजना गरीब बेटियों के लिए बनी वरदान

♦भारत टाइम्स♦

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 2017 में शुरू की गई मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ने प्रदेश के गरीब और वंचित परिवारों के लिए सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक विवाह का रास्ता खोला है। यह योजना अब तक उत्तर प्रदेश की चार लाख से अधिक गरीब बेटियों के लिए वरदान साबित हो चुकी है। 2 लाख रुपये की वार्षिक आय सीमा के अंतर्गत आने वाले सभी वर्गों के परिवार इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। इस योजना के तहत, चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अब तक 25,000 से अधिक जोड़ों का विवाह संपन्न हो चुका है। योजना का उद्देश्य उन गरीब परिवारों की मदद करना है, जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी बेटियों की शादी में रीति-रिवाजों और सामाजिक मानदंडों को पूरा नहीं कर पाते। यह योजना न केवल बेटियों के विवाह के खर्च को कम करती है, बल्कि उन्हें एक सम्मानजनक वैवाहिक जीवन की शुरूआत का अवसर भी देती है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ने उत्तर प्रदेश में सामाजिक और आर्थिक विकास के एक नए अध्याय की शुरूआत की है।

**विभिन्न समुदायों एवं धर्मों के रीति-रिवाजों के अनुसार वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न करा रही योगी सरकार-** सामूहिक विवाह योजना की सबसे बड़ी खासियत इसकी समावेशिता है। यह योजना हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई और अन्य सभी समुदायों के लिए समान रूप से लागू है। विवाह कार्यक्रम पूरी तरह से सामाजिक और धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुरूप होते हैं। इसके लिए राज्य सरकार ने प्रत्येक जिले में पात्र लाभार्थियों की पहचान के लिए नगर पंचायत, नगर पालिका, और क्षेत्र पंचायतों को जिम्मेदारी सौंपी है। हर साल बढ़ी सामूहिक विवाह- योजना के लाभार्थियों की संख्या योजना का लाभ उठाने वाले लाभार्थियों की संख्या में बीते पांच वर्षों में लगातार वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2020-21 में जहां 22,780 जोड़े इस योजना से लाभान्वित हुए, वहीं 2023-24 तक यह संख्या 1,04,940 तक पहुंच गई। चालू वित्तीय वर्ष में भी अब तक 25,000 से अधिक जोड़ों का विवाह संपन्न हो चुका है, और यह संख्या लगातार बढ़ रही है।

### सामूहिक विवाह कार्यक्रम में प्रत्येक जोड़े पर 51,000 रुपये खर्च करती है योगी सरकार

*मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रत्येक जोड़े पर 51,000 रुपये का खर्च किया जाता है। इसमें से 35,000 रुपये वधू के खाते में जमा किए जाते हैं, जबकि 10,000 रुपये से कपड़े, गहने और अन्य जरूरी वस्तुओं की व्यवस्था की जाती है। शेष 6,000 रुपये विवाह समारोह के पंडाल और अन्य व्यवस्थाओं पर खर्च किए जाते हैं। सामूहिक विवाह समारोहों को प्रत्येक धर्म और समुदाय के रीति-रिवाजों के अनुसार आयोजित किया जाता है। इससे विभिन्न जातियों और धर्मों के बीच सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है। चालू वित्तीय वर्ष में गोरखपुर, रामपुर, और बिजनौर जैसे जिलों में अब तक सबसे अधिक जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ है।*

# 10 से जीत कर सेमीफाइनल में गेवाल बीघा एथलेटिक क्लब ने किया प्रवेश



♦भारत टाइम्स♦

**गया।** गेवाल बीघा एथलेटिक क्लब ने 10 से जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया जिला फुटबॉल लीग सीनियर डिवीजन का पहला क्वार्टर फाइनल मैच गेवल बीघा एथलेटिक क्लब बनाम मगध यूनाइटेड के बीच खेला गया पहले हाफ के खेल में दोनों ही टीम बहुत अच्छे मूव बनाई परंतु मध्यांतर का खेल सुन रहा। दूसरे हाफ के 72 मिनट में जर्सी नंबर 23 ने गोल कर गेवाल बीघा की टीम को एक जीरो से आगे कर दिया।

यही एकमात्र गोल निर्णायक साबित हुआ। मैच का शुभारंभ पूर्व खिलाड़ी इंद्रदेव प्रसाद मोहम्मद उमर अंसारी फैयाज अहमद मोहम्मद नियाजी मौजूद थे मैच के निर्णायक कैलाश प्रसाद मोहम्मद परवेज मलिक सुरेंद्र प्रसाद और मोहम्मद शमी (राजू)।

# 'सशक्त भारत' के निर्माण के लिए 'स्वस्थ भारत' का होना जरूरी : सीएम योगी

## हर नागरिक की आरोग्यता के लक्ष्य को पाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही डबल इंजन सरकार : सीएम योगी

- आयुष्मान वय वंदना कार्ड वितरण समारोह में बोले मुख्यमंत्री
- मुफ्त इलाज की योजनाएं हो या फिर राहत कोष से आर्थिक मदद, हर कदम सशक्त भारत के लिए : सीएम योगी, प्रदेश के 65 जिलों को मेडिकल कॉलेज की सौगात दे चुकी है डबल इंजन की सरकार : सीएम योगी



♦भारत टाइम्स♦

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ह्यसशक्त भारतह्ण के निर्माण के लिए स्वस्थ भारत का होना जरूरी है। ह्यस्वस्थ भारतह्ण के लिए हर नागरिक की आरोग्यता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में केंद्र और प्रदेश की सरकार हर एक स्तर पर पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना, आयुष्मान वय वंदना योजना हो या फिर मुख्यमंत्री राहत कोष से जरूरतमंदों को भरपूर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के कार्य, यह सभी स्वस्थ भारत के जरिये सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में बढ़ाए गए कदम हैं। सीएम योगी सोमवार को महंत दिग्विजयनाथ पार्क में 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के आयुष्मान वय वंदना कार्ड वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। 19 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से वय वंदना कार्ड प्रदान किए और उनसे आत्मीय संवाद कर उनका कुशलक्षेम जाना और सुदीर्घ-स्वस्थ जीवन की कामना की। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के पहले आजादी के बाद 70 सालों में प्रदेश में सिर्फ 12 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे जबकि आज डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश के 75 में से 65 जिलों में एक-एक मेडिकल कॉलेज की सौगात दे दी है। अकेले इस वर्ष 16 मेडिकल कॉलेज प्रारंभ किए गए। इनमें से 13 सरकारी और 3 पीपीपी मोड पर संचालित होंगे। इसके अतिरिक्त दो नए प्राइवेट मेडिकल कॉलेज भी शुरू हुए हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र में आए बदलाव की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश में प्रतिवर्ष इंसेफेलाइटिस से बड़ी संख्या में बच्चों की मौत होती थी। 2017 के बाद डबल इंजन की सरकार ने प्रभावी नियंत्रण के साथ बीमारी को समाप्त कर दिया है। 2017 के पहले जहां पूर्वी उत्तर प्रदेश में अकेला गोरखपुर का बीआरडी मेडिकल कॉलेज था, वह भी खुद बीमार रहा करता था। जबकि आज डबल इंजन की सरकार में गोरखपुर में एम्स खुल चुका है, बीआरडी मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशलिटी की सेवा शुरू हो चुकी है। पहले देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बस्ती, बलरामपुर, गोंडा और बहराइच में मेडिकल कॉलेज नहीं थे वहीं आज इन जिलों में भी मेडिकल कॉलेज बन गए हैं या बन रहे हैं।

**हर जिले में अत्यधिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही सरकार-** सीएम योगी ने कहा कि सरकार हर जिले में सरकारी अस्पतालों में आईसीयू, डायलिसिस, सीटी स्कैन, कलर डॉपलर, एमआरआई, ब्लड बैंक, ब्लड कंपोनेंट यूनिट जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कर रही है और इसका लाभ बड़े पैमानों पर नागरिक ले रहे हैं। इंसेफेलाइटिस पर नियंत्रण पाने के साथ ही सरकार ने कोरोना के संकट काल में प्रदेश के 25 करोड़ नागरिकों को बचाने के लिए सफल प्रयास किया। इंसेफेलाइटिस से मुक्ति दिलाने के बाद कोरोना को भी समाप्त किया गया। यह सुदृढ़ हुई स्वास्थ्य सुविधाओं के चलते ही संभव हुआ।

**दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है आयुष्मान योजना-** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सितंबर 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ की गई आयुष्मान भारत योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है।प्रति साल पांच लाख रुपये की मुफ्त चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने के लिए इसमें लाभार्थी को कुछ भी नहीं देना है, सिर्फ हर साल सिर्फ आयुष्मान हेल्थ कार्ड का नवीनीकरण कराना है।

उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ देश में सर्वाधिक उत्तर प्रदेश के लोगों को मिला है। प्रदेश में 5 करोड़ 25 लाख से अधिक लोगों के आयुष्मान हेल्थ कार्ड बने हैं। इस योजना के तहत 9 करोड़ से अधिक लाभार्थी सूचीबद्ध हैं। इस योजना से आच्छादित लोगों के इलाज हेतु सरकार ने व्यापक प्रबंधन किए हैं। अस्पतालों में इसके लिए अलग कर्मचारी और काउंटर की व्यवस्था है ताकि लाभार्थियों को कोई असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि किन्हीं भी कारणों से जो जरूरतमंद प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से वंचित रह गए हैं, उन्हें उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत लाभान्वित किया गया है।

**आयुष्मान योजना में अकेले गोरखपुर में खर्च हुए 320 करोड रुपये-** सीएम योगी ने कहा कि आयुष्मान योजना का लाभ गोरखपुर के लोगों को भी भरपूर मिल रहा है। गोरखपुर में 91 सरकारी और 189 निजी अस्पतालों यानी कुल 280 अस्पतालों को इस योजना के तहत आच्छादित किया गया है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान योजना में लाभार्थियों के इलाज के लिए सरकार ने अस्पतालों को 320 करोड रुपये उपलब्ध कराए हैं।

### बुजुर्गों के बनवाएं वय वंदना कार्ड, मातृऋण, पित्रऋण और गुरुऋण से मिलेगी मुक्ति

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जनप्रतिनिधियों और समाज के जागरूक लोगों का आह्वान किया है कि वे 70 वर्ष से अधिक उम्र के हर बुजुर्ग का आयुष्मान व वंदना कार्ड बनवाने में मदद करें। इस योजना में न तो जाति और क्षेत्र का कोई भेद है और न ही कोई आए सीमा का बंधन। हर पत्र बुजुर्ग का कार्ड बनवाने के साथ ही उन्हें इसके तहत मिलने वाली सेवाओं और अस्पतालों की सूची भी उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि यह कार्य करके मातृऋण, पितृऋण और गुरुऋण से तो मुक्ति मिलेगी ही, ढेर सारा पुण्य लाभ भी होगा। मुख्यमंत्री ने वय वंदना योजना के लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच की परिचायक है। इस योजना से अब कोई भी बुजुर्ग अपने परिवार के लिए बंधन महसूस नहीं होगा, उसके इलाज का सारा खर्च सरकार देगी। मुख्यमंत्री ने नई पीढ़ी को बुजुर्गों का सम्मान और सेवा करने की नसीहत देते हुए कहा कि आज जिनकी श्रम और साधना पर हम टिके हैं उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी भी हमारी है।

### स्वास्थ्य लाभार्थियों ने जताया सीएम योगी के प्रति आभार

*कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयुष्मान योजना, दीनदयाल कैशलेस योजना और मुख्यमंत्री राहत कोष से गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता प्राप्त करने वाले कुल छह लाभार्थियों से भी संवाद किया। इन लाभार्थियों ने इलाज में सरकार की तरफ से मिली मदद के लिए मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान कार्ड की लाभार्थी रुस्तमपुर की इसरावती देवी ने मुख्यमंत्री को बताया कि एक माह पहले उनका कार्ड बना था। इसके माध्यम से उन्होंने अपनी आंख का ऑपरेशन कराया है और इसमें उनका एक भी रुपया खर्च नहीं हुआ है। दीनदयाल कैशलेस योजना की लाभार्थी नकहा की संध्या राय ने बताया कि उन्होंने इस योजना के माध्यम से गाल ब्लैडर का ऑपरेशन कराया है और उन्हें कोई धनराशि खर्च नहीं करनी पड़ी। आयुष्मान भारत की लाभार्थी नकहा की शारदा देवी ने मुख्यमंत्री को बताया कि अगस्त में उन्होंने कार्ड बनवाया था कार्ड बनवाने के बाद उन्होंने पथरी का मुफ्त ऑपरेशन कराया है। दीनदयाल कैशलेस योजना के लाभार्थी आशुतोष शर्मा ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्होंने अपने पैर का ऑपरेशन कराया और योजना के चलते उन्हें एक भी पैसा नहीं देना पड़ा। मुख्यमंत्री राहत कोष से कैंसर के इलाज में सहायता पाने वाली गुलरिया बाजार की भुवरी देवी ने सीएम योगी को बताया कि राहत कोष से उन्हें पौने दो लाख रुपया मिला और इसके चलते उनका इलाज आसानी से हो रहा है। उन्होंने कहा कि उनके पास आयुष्मान कार्ड नहीं है तो मुख्यमंत्री ने कहा कि वह चिंता न करें। जब तक कार्ड नहीं बनेगा तब तक सरकार उनके इलाज में पैसे की तंगी को बाधा नहीं बनने देगी। मुख्यमंत्री राहत कोष से ही आर्थिक सहायता प्राप्त करने वाले हसा हुसैन के सुधीर सिंह ने बताया कि वह माउथ कैंसर से पीड़ित है। इलाज में दिक्कत आने पर उन्होंने आवेदन किया तो मुख्यमंत्री राहत कोष से उन्हें तीन लाख रुपये की आर्थिक सहायता मिली। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि आगे भी इलाज जारी रहने पर उन्हें सहयोग मिलता रहेगा। इन सभी लाभार्थियों से मुख्यमंत्री ने कहा कि वह स्वास्थ्य की मुक्त योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए अन्य लोगों को भी जागरूक करें। साथ ही अस्पतालों से भी यह मालूम करते रहे कि उनके मुफ्त इलाज में कितना रुपया खर्च हो रहा है।*

# एमपी शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह का मुख्य महोत्सव मंगलवार को

♦भारत टाइम्स♦

**गोरखपुर।** महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह समारोह का मुख्य महोत्सव (समापन कार्यक्रम) मंगलवार को महाराणा प्रताप इंटर कालेज के मैदान पर भव्यतापूर्वक होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोरक्षपीठाधीश्वर एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में नोबल पुरस्कार विजेता, बचपन बचाओ आंदोलन के प्रणेता कैलाश सत्यार्थी उपस्थित होंगे। इस वर्ष पर परिषद की तरफ से उत्कृष्टता के आधार पर संस्थाओं, शिक्षकों, कर्मचारियों और 800 विद्यार्थियों को ट्रॉफी, पदक व नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। मुख्य महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह मंगलवार प्रातः 9.30 बजे से प्रारम्भ होगा। 1932 में पूर्व पूर्वी उत्तर प्रदेश में शैक्षिक पुनर्जागरण के ध्येय से ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ द्वारा स्थापित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह का शुभारंभ 4 दिसंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के साथ हुआ था। शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर उपस्थित थे। 10 दिसंबर को इसका समापन सप्ताह भर चली विभिन्न प्रतियोगिताओं के मेधावियों को पुरस्कृत करने के साथ होगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाएं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के हाथों पुरस्कृत होंगी।

**एमपी कन्या इंटर कॉलेज रमदत्तपुर को मिलेगा श्रेष्ठतम संस्था का पुरस्कार-** महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक समारोह के समापन अवसर पर श्रेष्ठतम संस्था का महायोगी श्री गोरक्षनाथ स्वर्ण पदक कन्या इंटर कॉलेज रमदत्तपुर को मिलेगा। श्रेष्ठतम परिचारक के लिए ब्रह्मलीन महंत गोपालनाथ स्वर्ण पदक एमपी इंटर कॉलेज सिविल लाइंस के बृजानंद को, श्रेष्ठतम कर्मचारी के लिए योगिराज बाबा ब्रह्मनाथ स्वर्ण पदक डीवीएनपीजी कॉलेज के बृजेश विश्वकर्मा को, श्रेष्ठतम शिक्षक के लिए योगिराज बाबा गंभीरनाथ स्वर्ण पदक गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) के शिक्षक डॉ. सुमित कुमार को प्राप्त होगा।

**श्रेष्ठतम विद्यार्थी और स्मृति पुरस्कार भी दिए जाएंगे-** महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाओं में स्नातकोत्तर के श्रेष्ठतम विद्यार्थी के रूप में ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ स्वर्ण पदक डीवीएनपीजी कॉलेज के सागर चौधरी को, स्नातक के श्रेष्ठतम विद्यार्थी के रूप में ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ स्वर्ण पदक एमपीपीजी कॉलेज जंगल धूसड़ के निमिष सिंह को तथा हाईस्कूल-इंटर के श्रेष्ठतम विद्यार्थी का महाराणा मेवाड़ स्वर्ण पदक एमपी बालिका इंटर कॉलेज सिविल लाइंस की गौरी गौड़ को प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 12 मेधावियों को विभिन्न विभूतियों के नाम पर नकद राशि सहित स्मृति पुरस्कार और बोर्ड परीक्षा/विश्वविद्यालय परीक्षा में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले 9 विद्यार्थियों को विशेष छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। शिप्रा सिंह की पुस्तक ह्यशिक्षा की भारतीय अवधारणाह्ण का होगा विमोचन- संस्थापक समारोह के मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के हाथों एमपीपीजी कॉलेज जंगल धूसड़ में शिक्षा शास्त्र विभाग की अध्यक्ष शिप्रा सिंह की पुस्तक ह्यशिक्षा की भारतीय अवधारणाह्ण का विमोचन किया जाएगा।

# फिल्म 'पुष्पा' से प्रेरित कल्याण के आभूषण पेश




♦भारत टाइम्स♦

**मुंबई।** भारत के सबसे भरोसेमंद और प्रतिष्ठित आभूषण ब्रांडों में से एक कल्याण ज्वैलर्स ने चर्चित फिल्म 'पुष्पा' से प्रेरित आभूषणों का लिमिटेड एडिशन वाला 'पुष्पा' कलेक्शन पेश किया है। 'पुष्पा 2' की बहुप्रतीक्षित रिलीज से ठीक पहले जारी इस कलेक्शन में आभूषण प्रेमियों को मिलते हैं बोल्ड, उत्तम डिजाइन वाले बेमिसाल गहने। 'पुष्पा 2' की नायिका रश्मिका मंदाना ने सोशल मीडिया पर इस संग्रह को जारी किया,जहां उन्होंने फिल्म से प्रेरित ज्वैलरी लाइन के बारे में अपनी उत्सुकता को साझा किया।

सोने में तैयार और अनकट डायमण्ड, मदर-ऑफ-पर्ल और अर्ध-कीमती पत्थरों से जड़ा हुआ, पुष्पा संग्रह दरअसल प्रकृति की सुंदरता को एक अलग ही अंदाज में प्रस्तुत करता है।

संग्रह का प्रत्येक आभूषण कल्याण ज्वैलर्स की उत्कृष्ट कृतियों को बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ये ऐसे आभूषण हैं, जिन्हें कारीगरी का बेमिसाल नमूना कहा जा सकता है। कल्याण ज्वैलर्स के चुनिंदा शोरूम पर विशेष रूप से उपलब्ध, पुष्पा कलेक्शन उन लोगों के लिए डिजाइन किया गया है जो अपने जुनून को गर्व के साथ धारण करते हैं। चाहे कोई खास अवसर हो या रोजाना पहनने के लिए, ये पीस फिल्म की भावना को दशार्ते हैं, जो उन्हें किसी भी आभूषण प्रेमी के कलेक्शन के लिए एकदम सही बनाते हैं।

# बंगलादेश मे हिन्दुओं पर अत्याचार के विरोध में निकाला जुलूस,संयुक्त राष्ट्र संघ ले एक्शन

- बंगलादेश मे हिन्दुओं पर बढतें अत्याचार के विरोध मे विशवभर के हिन्दू आक्रोशित है। देश में भी हिन्दुओं मे उबाल है।




♦भारत टाइम्स♦

**कानपुर।** बंगलादेश मे हिन्दुओं पर बढतें अत्याचार के विरोध मे विशवभर के हिन्दू आक्रोशित है।देश में भी हिन्दुओं मे उबाल है। रोज कही न कही विरोध प्रदर्शन हो रहे है।सोमवार को गोबिन्द नगर मे सनातन संगम के बैनर तले लोगों ने जुलूस निकाल विरोध प्रकट किया सनातन संगम संगठन के बैनर तले सोमवार को दोपहर 12 बजे किदवई नगर विधानसभा के विधायक महेश त्रिवेदी की अगुवाई मे सी.टी.आई.चौराहा गोबिन्द नगर से बंगलादेश के खिलाफ जुलूस निकाला गया। जुलूस मे लोग हिन्दुओं पर अत्याचार बंद करो,मो.युनूस से नोबेल पुरस्कार वापस लो,बंगलादेश हाय-हाय एवं मूदार्बाद आदि लिखी पट्टिकाएं हाथो मे लिए व नारे लगाते चल रहे थे।जुलूस सी.टी.आई. से बाटा गोबिन्द नगर थाने के सामने से होते हुए चावला मार्केट चौराहा पर समाप्त हुआ।यंहा भाजपा विधायक महेश त्रिवेदी ने कहा कि बंगलादेश मे हिन्दुओं के नरसंहार के पीछे मो.युनूस की सरकार है।

उसने आतताइयों को पूरी छूट दे रखी है।हिन्दू संत,महात्माओं व मंदिरों पर हमले एवं हिन्दू महिलाओं के साथ बलात्कार किसी भी तरह से सहन योग्य नही है।सेना व पुलिस भी आतताइयों को रोकने की बजाए उल्टा उन्हीं का साथ दे रही है। हिन्दू यंहा पर इन आततायीयों के ही रहमोकरम पर है।आश्चर्यजनक यह है कि यह सब उस मो.युनूस की सरकार मे हो रहा है जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।ऐसे व्यक्ति किसी भी तरह से इस तरह के सम्मान के हकदार नही है।उनका नोबेल पुरस्कार तत्काल वापस लिया जाए।संयुक्त राष्ट्र संघ को भी तत्काल हिन्दुओं के कत्लेआम का संज्ञान लेकर बंगलादेश सरकार पर कडे प्रतिबंध लगाए। जुलूस मे भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, विजेंद्र मक्कड,राम कुमार पाठक, अनिल मल्होत्रा, प्रकाश वीर आर्य,हरजिंदर पाल सिंह लांबा,रिषी अरोड़ा, चन्द्र कान्ता गेरा, विधा वर्मा, विकास आदि रहे।

# हथियारों की नोक पर लूटपाट करने वाला गिरोह पुलिस के द्वारा काबू



♦भारत टाइम्स♦

**रामा मंडी। अशोक कुमार।** रविवार देर शाम थाना प्रभारी इंस्पेक्टर हरबंस सिंह की अगवाई में पुलिस टीम के द्वारा रिफायनरी रोड़ फूलोखारी से हथियारों के नोक पर राहगीरों से लूटपाट करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को काबू किया गया। थाना प्रभारी हरबंस सिंह ने बताया कि पुलिस के द्वारा सलिंदर सिंह,हरजीत सिंह निवासी गांव कमालू,मनिंदर कुमार निवासी रामा मंडी और जगमीत सिंह निवासी गांव बाघा को रंगे हाथों गिरफ़्तार कर मामला दर्ज किया गया है।

उन्होंने बताया कि चारों आरोपियों के विरुद्ध पहले से ही तीन तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं।उधर शहर निवासियों ने पुलिस प्रशासन से और भी मुस्तैदी से काम करने और शहर में चल रही अन्य आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने और अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजने की मांग की।

# खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं से बच्चों के सर्वांगीण विकास में जुटी योगी सरकार

- पीएमश्री विद्यालयों में खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं शुरू
- बच्चों में नेतृत्व क्षमता व आत्मविश्वास को बढ़ाने पर योगी सरकार है विशेष ध्यान

♦भारत टाइम्स♦

**लखनऊ।** योगी सरकार ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पीएमश्री विद्यालयों में 9 से 14 दिसंबर तक विद्यालय स्तर पर और 16 से 20 दिसंबर तक जनपद स्तर पर खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इन दोनों गतिविधियों के लिए लगभग ढाई करोड़ रुपये के बजट का आवंटन किया गया है। इस दो दिवसीय वार्षिकोत्सव, खेलकूद प्रतियोगिताओं और एक दिवसीय जनपद स्तरीय कार्यक्रमों के आयोजन के लिए योगी सरकार ने प्रति विद्यालय ?6,000 और प्रति जनपद ?2,00,000 की धनराशि स्वीकृत की है।

बता दें कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा पीएमश्री विद्यालयों के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके आलोक में योगी सरकार द्वारा यह कदम उठाया गया है। इनका उद्देश्य बच्चों के शारीरिक और सांस्कृतिक विकास को प्रोत्साहन देना और सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करना है। 'खेलें भी, खिलें भी' से बच्चों में नैतिक मूल्यों और टीम वर्क को मिलेगा बल- पीएमश्री योजना के तहत स्कूलों में खेलकूद और सांस्कृतिक आयोजनों का मुख्य उद्देश्य छात्रों के समग्र विकास को प्रोत्साहित करना है। इन गतिविधियों के माध्यम से अभिभावकों और समुदाय को विद्यालय की गतिविधियों से जोड़ा जाता है, जिससे बच्चों की शिक्षा और विकास में सामुदायिक भागीदारी बढ़ती है। खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्रों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कौशल को बढ़ाने में मदद करते हैं। ये आयोजन टीमवर्क, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करते हैं, जिससे बच्चे जीवन के हर पहलू में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। साथ ही, प्रतिभाशाली छात्रों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाता है, जिससे वे अपनी प्रतिभा को उच्चतम स्तर पर प्रदर्शित कर सकें और आत्मविश्वास विकसित कर सकें।

**यह हैं विद्यालय स्तरीय कार्यक्रम-** 09 से 14 दिसंबर के बीच विद्यालय स्तर पर होने वाली मुख्य गतिविधियों में खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं शामिल हैं। खेलकूद प्रतियोगिताओं में जहाँ दौड़, रिले रेस, कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल, वॉलीबॉल आदि शामिल किउए गये हैं, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमो के तहत नृत्य, गायन, नाटक, पोस्टर प्रतियोगिता आदि सुनिश्चित हैं।

**प्रतिभागियों को मिलेगा पुरस्कार और सम्मान-** प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी छात्रों को प्रमाण पत्र और विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप कुमार सिंह का कहना है कि योगी सरकार की यह पहल, अभिभावकों और समुदाय को विद्यालय की गतिविधियों में सक्रिय रूप से जोड़ना है। इससे न केवल बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होगा, बल्कि वे नैतिक मूल्यों, अनुशासन और टीम वर्क को भी आत्मसात करेंगे। योगी सरकार का यह प्रयास शिक्षा के साथ-साथ खेल और संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रशंसनीय कदम है।

### जनपद स्तरीय आयोजनों में शामिल हैं ये प्रतियोगिताएं

*जनपद स्तर पर 16 से 20 दिसंबर 2024 के बीच होने वाली गतिविधियों और प्रतियोगिताओं में विद्यालय स्तर की प्रतियोगिताओं के विजेता को भाग लेने का अवसर मिलेगा। इन्हें एथलेटिक्स, शतरंज, टेबल टेनिस, योगा जैसे खेलों में अपनी महारत दिखानी होगी जबकि सांस्कृतिक प्रदर्शन में भाषण, नाटक, कहानी लेखन, कविता पाठ आदि की प्रतिभा सिद्ध करनी होगी। ज्ञातव्य हो कि जिला स्तरीय आयोजन के लिए प्रत्येक जनपद को ?2 लाख का बजट आवंटित किया गया है।*